दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

अमन लेखनी

छोटे छोट प्रयासों से बनो.....
उम्मीद अभी बाकी है ....
वर्ष : 11 | अंक : 331 | लखनऊ, 22 नवम्बर, शनिवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

मौसम

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 82,530.74

निफटी 25,062.10

खबर संक्षेप

पाक : बॉयलर फैक्ट्री में धमाका, 15 की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में शुक्रवार को एक फैक्ट्री के बॉयलर में भीषण विस्फोट हो गया। एक अधिकारी ने बताया कि हादसे में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए हैं। यह हादसा सुबह पंजाब के फैसलाबाद जिले में हुआ, जो लाहौर से लगभग 130 किमी दूर है। फैसलाबाद के डिप्टी कमिश्नर राजा जहांगीर अनवर ने बताया कि मलिकपुर इलाके की एक केमिकल फैक्ट्री में बॉयलर में जबरदस्त धमाका हुआ, जिससे आसपास की इमारतें भी ढह गईं। 'अब तक रेस्क्यू टीमों ने मलबे से 15 शव बरामद कर लिए हैं और सात घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है।'

आगामी संसद सत्र में शामिल होंगे अमृतपाल!

चंडीगढ़। खडूर साहिब से निर्वाचित स्वतंत्र सांसद अमृतपाल सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने मामला निपटाते हुए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। कोर्ट ने अमृतसर के डिप्टी कमिश्नर (डीसी) और पंजाब सरकार को आदेश दिया है कि वे अमृतपाल सिंह की ओर से संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में भाग लेने के लिए मांगी गई इंटरिम कस्टडी पैरोल पर एक हफ्ते के भीतर निर्णय लें। अमृतपाल सिंह वर्तमान में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत 2023 से हिरासत में हैं।

चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर मांगा जवाब, 26 को अगली सुनवाई

केरल और दूसरे राज्यों के एसआईआर पर सुनवाई को राजी हुआ सुप्रीम कोर्ट

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / लखनऊ

केरल में वोटर लिस्ट के स्पेशल इन्टेंसिव रिविजन (एसआईआर) रोकने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। केरल सरकार के अलावा कुछ राजनीतिक दलों ने भी राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव का हवाला देते हुए एसआईआर पर रोक की मांग की है। कोर्ट अब इस मामले में अगली सुनवाई 26 नवंबर को करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने केरल, तमिलनाडु, बंगाल, उत्तर प्रदेश और दूसरे राज्यों में मतदाता सूचियों के एसआईआर एक्सरसाइज करने के निर्वाचन आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक बैच पर सुनवाई के लिए सहमति जताई। यूपी के बाराबंकी के कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने भी उत्तर प्रदेश में एसआईआर न करवाने की मांग की है। कोर्ट ने इस पर भी नोटिस जारी किया। हालांकि, कोर्ट ने साफ किया कि 26 नवंबर को वह सिर्फ केरल के मामले पर सुनवाई करेगा। इसके अलावा उस दिन बिहार एसआईआर पर लंबित याचिकाओं की सुनवाई होगी।

केरल में एसआईआर को चुनौती देने वाले एक याचिकाकर्ता की ओर से सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने कहा कि राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव भी होने हैं और इसलिए, इस मामले में तत्काल विचार की आवश्यकता है। बेंच ने निर्देश दिया कि केरल में एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं को 26 नवंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा और दूसरे राज्यों में इस कवायद को चुनौती देने वाली बाकी याचिकाओं पर दिसंबर के पहले या दूसरे हफ्ते में सुनवाई होगी।

राज्यों की सभी याचिकाओं पर अब एक बैच में होगी सुनवाई

12 राज्यों में जारी है एसआईआर फरवरी में आएगी फाइनल लिस्ट

इन पार्टियों की याचिकाएं

सुप्रीम कोर्ट पहले ही पूरे भारत में एसआईआर कराने के निर्वाचन आयोग के फैसले की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक बैच पर सुनवाई कर रहा है। कोर्ट ने 11 नवंबर को डीएमके, माकपा, पश्चिम बंगाल कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के नेताओं की याचिकाओं पर आयोग से अलग-अलग जवाब मांगे थे। इन याचिकाओं में तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के एसआईआर को चुनौती दी गई थी।

12 राज्यों में से 4 में अगले साल होने हैं चुनाव

आयोग जिन राज्यों में एसआईआर करा रहा है, उनमें छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप शामिल हैं। इन 12 राज्यों में से तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल में 2026 में चुनाव होने हैं।

तमिलनाडु ने किया सबसे पहले विरोध : एसआईआर का सबसे अधिक विरोध दक्षिण के राज्यों में हो रहा है सबसे पहले तमिलनाडु की डीएमके सरकार ने आयोग के इस कदम को लोगों के वोट छीनने की साजिश बताया है। डीएमके का कहना है कि राज्य में नवंबर-दिसंबर में पूर्वोत्तर मानसून सक्रिय रहता है, ऐसे समय में इतनी बड़ी प्रक्रिया चलाना मुश्किल होगा। पार्टी ने कहा है कि हम मतदाता सूची अपडेट करने के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन इसे जल्दबाजी में नहीं करना चाहिए, खासकर जब अप्रैल में विधानसभा चुनाव होने हैं। डीएमके ने बिहार में हुए एसआईआर पर आरोप लगाते हुए कहा कि वहां मुसलमानों, दलितों और महिलाओं को निशाना बनाया गया।

बंगाल, केरल ने भी जताया विरोध : पश्चिम बंगाल में सरकार चला रही तृणमूल कांग्रेस और केरल में वाम मोर्चे की सरकार ने भी इस फैसले की आलोचना की है। टीएमसी चीफ व बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा, 'बिहार में जो हुआ, वह सिर्फ रिहर्सल था। असली निशाना पश्चिम बंगाल है। लेकिन बंगाल के लोग चुनाव आयोग को जवाब देंगे।' केरल अपने यहां एसआईआर का इसलिए भी विरोध कर रहा है, क्योंकि वहां स्थानीय निकाय चुनाव होने हैं।

यूपी में कांग्रेस-सपा ने जताया विरोध : एसआईआर उत्तर प्रदेश में भी कराया जा रहा है, जहां अगले साल पंचायत चुनाव होने हैं। ऐसे में एसआईआर से पंचायत चुनाव का प्रभावित होना तय है, क्योंकि लोकसभा-विधानसभा चुना की मतदाता सूची अलग और पंचायत चुनाव की मतदाता सूची अलग होती है, लेकिन उन्हें तैयार करने वाले कर्मचारी एक ही होते हैं। कांग्रेस-सपा ने इसका विरोध जताया है। बाराबंकी के कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने एसआईआर न कराने की मांग की है।

अब ईवीएम पर दिखेगी उम्मीदवार की तस्वीर

पश्चिम बंगाल में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बीच चुनाव आयोग (ईसीआई) ने राज्य में 2026 विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। आयोग ने शुक्रवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की जांच और मतदान अभ्यास शुरू करने का कार्यक्रम तय किया है। उप चुनाव आयुक्त ज्ञानेश भारती ने कोलकाता में कई प्रथम स्तर की जांच (एफएलसी) टीम के सदस्यों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने बताया कि केंद्रीय चुनाव आयोग ने यह भी नए नियम लागू किया है कि इस बार प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में उम्मीदवार की छवि सहित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर कौन-सी जानकारी दिखाई जाएगी, यह तय किया गया है। यह पहली बार है जब मशीनों पर उम्मीदवार की तस्वीर भी दिखाई जाएगी। चुनाव आयोग के अधिकारियों के मुताबिक, उम्मीदवार की छवि ईवीएम के बटन के पास रखी जाएगी और प्रशिक्षण के दौरान भी दिखाई जाएगी।

भारत ने फिर शुरू किया चीनी पर्यटकों के लिए टूरिस्ट वीजा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

भारत ने हाल ही में दुनिया के विभिन्न देशों में मौजूद अपने दूतावासों और कॉन्सुलेट्स के माध्यम से चीनी नागरिकों के लिए टूरिस्ट वीजा आवेदन दोबारा खोल दिए हैं। यह कदम दोनों देशों के बीच एलएसी पर लंबे सैन्य तनाव के बाद रिश्तों को सामान्य बनाने की प्रक्रिया का हिस्सा माना जा रहा है। 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद चीनी नागरिकों के वीजा स्थगित कर दिए गए थे। जिससे संबंध दशकों में पहली बार बेहद निचले स्तर पर पहुंच गए थे। अब बिना किसी औपचारिक घोषणा के यह सुविधा फिर से शुरू कर दी गई है। जानकारों का कहना है कि यह निर्णय दोनों देशों के बीच लोगों के संपर्क बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

रिश्ते बेहतर बनाने की पहल

सूत्रों ने बताया कि हाल के महीनों में भारत और चीन ने आपसी रिश्तों को स्थिर करने के लिए कई 'पीपल-सेंट्रिक' कदमों पर सहमति जताई है। इसी क्रम में 2020 से बंद पड़ी सीधी उड़ानें अक्टूबर 2024 में बहाल की गईं. इसके अलावा कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर शुरू करने, विभिन्न श्रेणियों के यात्रियों के लिए वीजा सुविधा बढ़ाने और राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ पर संयुक्त गतिविधियां आयोजित करने जैसे उपाय भी किए गए। इससे पहले भारत ने केवल चीन स्थित अपने मिशनों के माध्यम से ही चीनी पर्यटकों को वीजा देना शुरू किया था। अब यह सुविधा वैश्विक स्तर पर उपलब्ध होने से दोनों देशों के बीच आम लोगों के स्तर पर संवाद और बढ़ने की उम्मीद है।

कश्मीर के अस्पतालों में हथियारों का जखीरा बनाने की थी प्लानिंग

दिल्ली बम ब्लास्ट मामले में एक और खुलासा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

दिल्ली के लाल किला विस्फोट में शामिल जैश का मॉड्यूल कश्मीर के अस्पतालों को बड़े हथियार भंडारण केंद्रों में बदलने की योजना बना रहा था। ठीक उसी तरह जैसे गाजा के अस्पतालों में हमास हथियार जमा करता है। एनआईए की जांच के दौरान यह बड़ा खुलासा हुआ है। जिस तरह हमास ने गाजा के अल-शिफा अस्पताल को हथियार भंडारण स्थल के रूप में इस्तेमाल किया था, उसी तरह जैश का यह मॉड्यूल बारामूला, अनंतनाग और बडगाम के कई अस्पतालों को हथियार भंडारण केंद्रों में बदलने की कोशिश कर रहा था। एनआईए सूत्रों के अनुसार, हमास और जैश कैडरों के बीच बढ़ती नज़दीकियों के बारे में जानकारी मिलने के बाद, इस बात की संभावना काफी बढ़ गई है कि इस जैश मॉड्यूल को हमास से तकनीकी सहायता भी मिल रही थी। इसके बाद, जांच एजेंसी को अहम जानकारी मिली।

जैश का 'डॉक्टर आतंकी मॉड्यूल'

जैश का 'डॉक्टर आतंकी मॉड्यूल' अनंतनाग, श्रीनगर, बारामूला और नौगाम के अस्पतालों को ऐसे घातक हथियारों के भंडारण केंद्र बनाने की साजिश रच रहा था। यह जानकारी मिलते ही पुलिस ने कश्मीर के अस्पतालों में बड़े पैमाने पर छापेमारी की, जहां आरोपी डॉक्टरों के लॉकरों से हथियार बरामद किए गए।

बना रहे थे बायोलॉजिकल वेपन भी

गुजरात एटीएस ने पिछले दिनों तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया था। इसी मामले में हैदराबाद से एक डॉक्टर की भी गिरफ्तारी हुई थी। एटीएस जब हैदराबाद में डॉक्टर अहमद सैयद के घर पहुंची, तो वहां से बड़ी मात्रा में आतंकवाद से जुड़ी कुछ आपत्तिजनक सामग्री मिली थी।

कर्नाटक में सीएम पद को लेकर फिर छिड़ी रार

डीके गुट ने दिल्ली में डेरा डाला सिद्धारमैया बोले- पद पर बने रहूंगा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद को लेकर जारी खींचतान लगातार बढ़ती जा रही है। दिल्ली में डीके गुट के शक्ति प्रदर्शन के बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शुक्रवार को कहा कि वह पद पर बने रहेंगे और भविष्य में राज्य का बजट भी पेश करेंगे। उनका यह बयान सत्ताधारी कांग्रेस में चल रहे जोरदार सत्ता संघर्ष के बीच आया है, जिसमें डीके शिवकुमार खेमे के नेता हाईकमान पर बदलाव के लिए दबाव बना रहा हैं। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि कम से कम 15 विधायक और करीब एक दर्जन एमएलसी शिवकुमार को अगला मुख्यमंत्री बनाने के लिए पार्टी लीडरशिप पर दबाव डालने के लिए नई दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं।

हाईकमान लेगा फैसला : सिद्धारमैया

इस मामले पर सिद्धारमैया ने कहा, कि हाई कमान इस पर फैसला लेगा, चाहे नेतृत्व बदलने की बात हो या मंत्रीमंडल के पुनर्गठन का विषय हो, हाईकमान को ही फैसला लेना है, उसे मुझे भी मानना पड़ेगा, शिवकुमार को भी मानना पड़ेगा और सभी को मानना पड़ेगा।

गुटबाजी मेरे खून में नहीं : डीके

राज्य में सीएम पद को लेकर चल रही अटकलों पर डीके शिवकुमार ने कहा, गुटबाजी करना मेरे खून में नहीं है। सभी 140 एमएलए मेरे एमएल हैं। मुख्यमंत्री ने तय किया कि वह सरकार, कैबिनेट में फेरबदल करेंगे। इसलिए वे सभी मंत्री बनने में दिलचस्पी रखते हैं। यह स्वाभाविक है कि वे दिल्ली जाकर नेताओं से मिलेंगे। इसके अलावा मैं क्या कह सकता हूं उन्हें पूरा अधिकार है। मैं किसी को नहीं ले गया।

शक्ति प्रदर्शन पर कांग्रेस सख्त

शिवकुमार समर्थकों के शक्ति प्रदर्शन व बयान को लेकर कांग्रेस ने चेतावनी जारी की है। एआईसीसी महासचिव और कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी ने सभी विधायकों को निर्देश दिए हैं कि वे मीडिया में नेतृत्व से जुड़े मुद्दों पर अनावश्यक बयानबाजी न करें। इससे पार्टी और सरकार दोनों की छवि प्रभावित हो रही है।

एआई चैटजीपीटी लेकर आया अनोखा ग्रुप चैट फीचर

एक ही चैट में एक साथ रियल-टाइम में होगा काम

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

एआई टूल्स का इस्तेमाल अब सिर्फ़ व्यक्तिगत काम तक सीमित नहीं है। ओपनएआई ने चैटजीपीटी के लिए एक नया और गेम-चेंजिंग फीचर लॉन्च किया है। ये है ग्रुप चैट, लेकिन ये ग्रुप चैट वाट्सएप ग्रुप या दूसरे ऐप के ग्रुप चैट से अलग होगा। यह फीचर टीम कोलैबोरेशन का पूरा तरीका बदल सकता है, क्योंकि अब कई लोग एक साथ एक ही चैट में एआई की मदद से रियल-टाइम में काम कर पाएंगे। अब तक चैटजीपीटी का एक्सपीरियंस ज्यादातर वन ऑन वन इंटरैक्शन तक सीमित था। लेकिन अब कहानी पूरी बदल गई है। इस नए फीचर के साथ आप एक ऐसा शेयर्ड चैट रूम बना सकते हैं जहां कॉलीग, दोस्त या टीम-मेम्बर्स मिलकर ब्रेनस्टॉर्मिंग कर सकते हैं, स्क्रिप्ट लिख सकते हैं, फैक्ट-चेक कर सकते हैं या फिर किसी बड़े प्रोजेक्ट पर एक साथ काम कर सकते हैं।

इस फीचर से बदल जाएगा टीम कोलैबोरेशन का तरीका

न्यूज, एजुकेशन और कॉर्पोरेट टीमों के लिए बनेगा मददगार

यह है सबसे बड़ी खूबी

ग्रुप चैट फीचर की सबसे बड़ी खूबी है कोलैबोरेटिव इंटेलिजेंस। मतलब टीम के कई लोग एक ही थ्रेड में अपने-अपने सवाल पूछ सकते हैं, सुझाव जोड़ सकते हैं और चैट जीपीटी उनसे एक साथ इंटरैक्ट करता है। यह बिल्कुल वैसा ही है जैसे आप मीटिंग रूम में बैठे हों, लेकिन फर्क यह कि एआई हर वक्त आपके साथ मौजूद है। रिसर्चर की तरह, एडिटर की तरह, और कभी-कभी प्रोड्यूसर की तरह भी, यानी मल्टिपल टास्क हो सकते हैं।

यह फीचर इनके लिए फायदेमंद

मीडिया

कंटेंट बनाने वाली टीमों के लिए यह फीचर खासतौर पर फायदेमंद है। मान लीजिए कोई न्यूज़ स्टोरी डेवलप हो रही है। एक रिपोर्टर बैकग्राउंड मांगेगा, दूसरा डेटा चेक करेगा, तीसरा हेडलाइन के आइडिया पूछेगा। इसी दौरान एआई सबके सवालों को समझकर रियल-टाइम इनपुट देगा। इससे न सिर्फ समय बचेगा बल्कि आउटपुट की क्वालिटी भी बेहतर होगी।

स्टार्टअप

स्टार्टअप्स या छोटी टीमों के लिए ग्रुप चैट एक तरह से वर्चुअल वर्कस्पेस बन जाएगा। यहां आप प्लानिंग डॉक्यूमेंट जैसे चैट तैयार कर सकते हैं, कोड रिव्यू कर सकते हैं, मार्केटिंग कैंपेन प्लान कर सकते हैं, यहां तक कि अपनी मीटिंग नोट्स और टू-डू लिस्ट भी कलेक्टिव रख सकते हैं। चैटजीपीटी अब सिर्फ एक जवाब देने वाला बॉट नहीं, बल्कि टीम का एक के ऐक्टिव मेंबर की तरह काम करेगा।

ट्रंप का आया 28 पाइंट का प्रस्ताव

'जंग रोकने यूक्रेन कुछ हिस्सा रूस को सौंप दे'

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की यूक्रेन युद्ध समाप्त करने की योजना लाए हैं। इसके तहत यूरोपीय देश का कुछ हिस्सा रूस को सौंपने और उसकी सेना का आकार कम करने का प्रस्ताव शामिल किया गया है। यह जानकारी शांति के लिए तैयार ड्राफ्ट में दी गई है। अमेरिका और रूस के बीच हुई बातचीत के आधार पर 28 पाइंट का ड्राफ्ट तैयार किया गया है। इस ड्राफ्ट की एक कॉपी 'एसोसिएटेड प्रेस' को बृहस्पतिवार को प्राप्त हुई। यह ड्राफ्ट साफ तौर पर रूस के पक्ष में दिखाई देता है। अमेरिकी प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि अमेरिकी टीम ने अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ की यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के शीर्ष सलाहकार रुस्तम उमरोव से बातचीत के तुरंत बाद यह योजना तैयार करना शुरू कर दिया था। अधिकारी ने बताया कि कई संशोधन करने के बाद उमरोव ने योजना के अधिकतर बिंदुओं पर सहमति जताई और फिर इसे जेलेंस्की के समक्ष प्रस्तुत किया।

संक्षेप

पैदल सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में गुरुवार को पैदल सड़क पार कर रहे एक बुजुर्ग को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक उन्नाव जिले के सोहरामऊ थाना अंतर्गत चौपई गांव निवासी श्यामलाल (75) अविवाहित थे और गुरुवार दोपहर अपने रिश्तेदारों से मिलने बंथरा जा रहे थे। तभी बंथरा थाने के पास सड़क पार करने के दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें ठोकर मार दी। जिससे श्यामलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने गंभीर हालत में श्यामलाल को सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान श्यामलाल की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक श्याम लाल की पहचान उनके बैग में मिली बैंक पासबुक के आधार पर की गई। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई कर रही है।

डेढ़ बीघे धान की फसल बनी राख, संदिग्ध हालात में लगी आग.....

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। निगोहां थाना क्षेत्र के रघुनाथखेड़ा गांव में गुरुवार देर रात एक किसान की मेहनत पर पानी फिर गया खेत में कटकर बोझ के रूप में रखी धान की फसल अचानक रहस्यमयी परिस्थितियों में आग की चपेट में आ गई देखते ही देखते लपटों ने पूरी फसल को खाक कर दिया। घटना से किसान परिवार में मातम सा माहौल छा गया है ग्रामीणों ने बताया कि रघुनाथखेड़ा निवासी किसान अवधेश कुमार ने लगभग डेढ़ बीघे में खड़ी धान की फसल की कटाई कर उसे पिटाई के लिए एक स्थान पर इकट्ठा कर रखा था पिता शीतला खेत के पास बनी झोपड़ी में रात में पहरा देते हुए सो रहे थे तभी करीब रात 2 बजे उन्होंने धान के बोझ में आग की तेज लपटें उठती देखी तुरंत भागकर घर पहुंचे और आग लगने की सूचना दी परिजनों समेत गांव के लोग मौके पर पहुंचे और बोरवेल का मोटर चलाकर आग बुझाने में जुट गए लेकिन तब तक आग बेकाबू हो चुकी थी काफी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया गया परंतु पूर्ण फसल जलकर नष्ट हो गई सूचना मिलते ही ग्राम सचिव व हल्का लेखपाल मौके पर पहुंचे। उन्होंने नुकसान का ब्यौरा तैयार किया और शासन स्तर से मदद दिलाने का भरोसा दिया। किसान अवधेश ने आशंका जताई कि फसल में आग लगने के पीछे किसी की शरारत हो सकती है ।पीड़ित किसान का कहना है कि पूरे साल की कमाई इसी फसल पर निर्भर थी, अब परिवार की आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है। गांव के लोगों ने प्रशासन से जल्द सहायता राशि उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।

घर में घुसकर महिला से मारपीट

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज । मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के रायभानखेड़ा गांव में शुक्रवार को पारिवारिक विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया पीड़िता प्रेमा देवी पत्नी मुनेश्वर प्रसाद ने मोहनलालगंज कोतवाली में दी गई तहरीर में अपने देवर गंगाराम की पत्नी सुचेता और उसकी चार पुत्रियों पर घर में घुसकर हमला करने का गंभीर आरोप लगाया है पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को दोपहर करीब पीड़िता प्रेमा देवी अपने घर पर बैठी थीं। इसी दौरान उनकी देवरानी सुचेता अपनी पुत्रियों के साथ एक राय होकर पहुंची और बिना किसी बात के गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर बचाव के लिए जब पीड़िता की पुत्री मौके पर आई तो हमलावरों ने उस पर भी हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं और घर में अफरा-तफरी मच गई ।पीड़िता ने बताया कि सुबह भी सुचेता उनसे विवाद कर रही थी, जिस पर गांव वालों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत करा दिया था।

स्व. मुलायम सिंह यादव के 86वें जन्मदिवस पर भव्य अंतरराष्ट्रीय दंगल का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। समाजवादी आंदोलन के पुरोधा स्व. मुलायम सिंह यादव के 86वें जन्मदिवस पर बंथरा के गुलाबखेड़ा में भव्य अंतरराष्ट्रीय दंगल का आयोजन किया गया। पूर्व विधायक श्याम किशोर यादव के पुत्र युवा नेता कुमार दुर्गेश सिंह सोनू भैया द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पहुंचे। हजारों की संख्या में जुटे दर्शकों और कार्यकताओं के बीच उन्होंने दंगल को उत्तर भारतीय संस्कृति की प्राचीन धरोहर बताते हुए कहा कि दंगल उनके परिवार की विरासत है और नेताजी का इससे गहरा नाता रहा है। अखिलेश यादव ने पूर्व विधायक श्याम किशोर यादव और उनके परिवार की सराहना करते हुए स्व. हीरालाल यादव और स्व. मुलायम सिंह यादव के मध्य रहे पुराने संबंधों का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि दंगल सिर्फ खेल नहीं, बल्कि अनुशासन, कौशल और संघर्ष का प्रतीक है। इसी संघर्ष की भावना को राजनीतिक मैदान में भी अपनाने की जरूरत है, क्योंकि ह्लअसली दंगल 2027 में होने जा रहा है।ह्व उन्होंने कहा कि बीजेपी द्वारा एसआईआर लागू कर वोटर लिस्ट दोबारा बनाए जाने का उद्देश्य विपक्षी मतों को प्रभावित करना है, जिससे बेईमानी की आशंका बढ़ जाती है। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि ह्लवोटर वाली कुश्तीह्व जीतनी है, इसके लिए युवाओं को सतर्क और सक्रिय रहना होगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार को लेकर सरकार पर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के नाम पर बजट लूटने और सरकारी संपत्तियां बेचने का काम किया जा रहा है। सरोजनी नगर स्थित स्कूटर इंडिया जैसी महत्वपूर्ण सरकारी संपत्ति को बेचने को उन्होंने सरकार की नीतिगत विफलता बताया। उन्होंने दावा किया कि सपा सरकार के दौरान हुए निर्माण कार्य आज भी गुणवत्ता के लिए मिसाल हैं, जबकि वर्तमान में हो रहे निमार्णों में खामियां और अनियमितता स्पष्ट दिखाई देती है। अखिलेश यादव ने बिहार चुनाव का उदाहरण देते हुए कहा कि किस तरह हार वाली सीटों पर वोट काटकर जीत हासिल की गई। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे बूथ स्तर पर मतदाता जोड़ने के अभियान में पूरी तन्मयता से जुट जाएं, ताकि किसी भी मतदाता का अधिकार छिनने न पाए। उन्होंने कहा कि इससे ही लोकतंत्र मजबूत होगा और ह्लबेईमान सरकारह्व को सत्ता से बेदखल करने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, युवा नेता कुमार दुर्गेश सिंह सोनू, पूर्व सांसद प्रत्याशी अरुण शंकर शुक्ला अन्ना, पूर्व विधायक पूर्व उदय राज यादव, पूर्व एमएलसी सुनील सिंह साजन, प्रदेश सचिव त्रिवेणी पाल सहित हजारों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। दंगल में लखनऊ, गोरखपुर, गोंडा, मेरठ, कानपुर, प्रयागराज, गाजीपुर, हरियाणा, ग्वालियर सहित कई राज्यों एवं ईरान सहित करीब एक सैकड़ा पहलवानों ने हिस्सा लिया। दंगल में 3 हजार रुपये से लेकर 5 लाख रुपये तक की कुश्तियाँ हुईं। जिसमें 1.5 लाख की कुश्ती में मेरठ के साकिर नूर ने रोहतक के सुमित को चित किया। जबकि मुख्य आकर्षण रही 5 लाख रुपये की कुश्ती में रोहतक के नीतीश ने ईरान (विदेश) के पहलवान इरफान को हराकर खिताब अपने नाम किया।

संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फांसी के फंदे से लटकता मिला अधेड़ व्यक्ति का शव

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा इलाके में गुरुवार देश शाम एक अधेड़ ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान गवां दी। जानकारी पाकर मौके पर पुलिस पहुंची, लेकिन परिजनों ने मृतक का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। फिलहाल उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया है। बंथरा के बीबीपुर निवासी बंशी गौतम (55) मजदूरी करते थे। उनकी पत्नी की करीब 6 वर्ष पहले मौत हो चुकी है। घर में अविवाहित बेटा अंकित और एक अविवाहित बेटी है। गुरुवार देर शाम बंशी का बेटा और बेटी घर के बाहर थे, तभी बंशी ने कमरे के अंदर दरवाजा बंद कर पंखे के हुक से रस्सी के सहारे लटक कर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद जब बेटा अंकित अंदर पहुंचा तो दरवाजा अंदर से बंद देख उसने कई बार आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। बाद में उसने खिड़की से झांक कर देखा तो उसके होश उड़ गए। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और उन्होंने दरवाजा तोड़कर देखा तो बंशी कमरे के अंदर रस्सी के सहारे लटका मिला। बाद में सभी लोगों ने रस्सी काटकर बंशी को नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। वहीं घटना की जानकारी पाकर बंथरा पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। बंथरा प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश सिंह का कहना है कि शुरूआती जांच में पता चला है कि वह शराब का आदी था, शराब के नशे में ही उसने यह कदम उठाया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। जिसकी वजह से पंचनामा भरकर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। फिलहाल परिजनों ने गांव के बाहर उसका अंतिम संस्कार कर दिया है।

करोड़ो की सरकारी जमीन पर भूमाफियाओ का कब्जा

मामले ने पकड़ा तूल शिकायत के बाद भी कार्रवाई शून्य.....

अमन लेखनी समाचार

निगोहा। लखनऊ से रायबरेली राजमार्ग पर स्थित मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत भगवानपुर में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सुर्खियों में है गांव स्थित गाटा संख्या 35 मि.रकबा 0.11780 हेक्टेयर जो नवीन परती भूमि के रूप में दर्ज है उस पर अवैध निर्माण कर कब्जा करने का आरोप सामने आया है।

पूर्व प्रधान ने तहसील से लेकर मुख्यमंत्री तक लगाई गुहार

सरकार की बेशकीमती भमि पर भगवानपुर पूर्व प्रधान अंकुर मिश्रा उर्फ नीशू मिश्रा की ओर से मोहनलालगंज तहसीलदार को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया गया कि भूमि राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे होने से करोड़ों रुपये की है जिस पर निगोहां निवासी सुरेंद्र दीक्षित पूर्व प्रधान व अभयकांत दीक्षित वर्तमान प्रधान द्वारा निर्माण करा कब्जा जमाने की कोशिश की जा रही शिकायतकर्ता के अनुसार प्रशासन को कई बार सूचना देने के बावजूद कार्रवाई नहीं की गई यहाँ तक कि शिकायत जनसुनवाई पोर्टल व मुख्यमंत्री शिकायत पोर्टल पर भी दर्ज कराई गई, पर स्थिति जैसी थी वैसी ही बनी हुई है। पूरे प्रकरण पर तहसीलदार मोहनलालगंज ऋतुराज शुक्ला ने बताया कि मामले की जानकारी प्राप्त हुई है राजस्व टीम को निर्देशित कर दिया गया है सीमांकन कराया जाएगा और यदि सरकारी भूमि पर कब्जा पाया गया तो नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी ।पूर्व प्रधान ने मांग की है कि कब्जाधारकों पर उचित दंडात्मक कार्रवाई करते हुए भूमि को तत्काल प्रभाव से कब्जा मुक्त कराया जाए ।वहीं ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन नहीं चेता तो अन्य लोग भी सरकारी भूमि पर कब्जा करने के लिए हौसला पा जाएंगे फिलहाल मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा तेज बनी हुई है और लोग प्रशासनिक कार्रवाई की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

सरोजनीनगर तैयार : स्मृति उपवन में हनी सिंह का धमाकेदार शो

स्मृति उपवन में यो यो हनी सिंह का जोरदार शो, तैयारियों जोरों पर

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर विधानसभा में शनिवार, 22 नवम्बर, शाम 6 बजे से 9 बजे तक, हस्तशिल्प महोत्सव ग्राउंड, स्मृति उपवन, आशियाना में एक भव्य युवा-केन्द्रित कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश के लोकप्रिय संगीत सितारे Yo Yo Honey Singh लाइव प्रस्तुति देंगे। यह डॉ. राजेश्वर सिंह की प्रेरणा से किया जा रहा है। कार्यक्रम की थीम "Inspiration With Entertainment" है, जहाँ संगीत के साथ-साथ युवा ऊर्जा, प्रेरणा और सकारात्मक सहभागिता को बढ़ावा दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक स्कूल-कॉलेज, 100 से अधिक RWAs, और 100 से अधिक मार्केट एवं कम्युनिटी एसोसिएशन शामिल हो रहे हैं। यह सरोजनीनगर के सबसे समावेशी और बड़े सामुदायिक कार्यक्रमों में से एक होने जा रहा है।

Yo Yo Honey Singh

भारत के सबसे लोकप्रिय म्यूज़िक आइकन

Yo Yo Honey Singh भारतीय पॉप और हिप-हॉप संगीत के सबसे प्रभावशाली कलाकारों में गिने जाते हैं। युवा पीढ़ी में उनकी लोकप्रियता अपार है।

उनकी उपलब्धियाँ:

250+ हिट गाने बॉलीवुड, पंजाबी और इंडिपेंडेंट म्यूज़िक में

4.5 बिलियन+ (450 करोड़+) डिजिटल स्ट्रीम रस्त्रङ्क३८ पर

YouTube पर कई गाने 100M, 200M, 300M और 1 बिलियन+ व्यूज पार

सोशल मीडिया पर विशाल फॉलोइंग:

2 करोड़+ इंस्टाग्राम फॉलोअर्स

1 करोड़+ यूट्यूब सब्सक्राइबर्स (ऑफिशियल चैनल एवं लेबल्स पर उनके गानों सहित)

कठिन दौर से उभरकर मनोरंजन जगत में वापसी, उन्हें मजबूती, अनुशासन और दृढ़ता का प्रतीक बनाती है।

इस अवसर पर डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि यह यूथ-ओनली स्टैंडिंग कॉन्सर्ट इस विचार को दशार्ता है कि युवा एकजुट शक्ति हैं—जिनकी ऊर्जा, योग्यता और सकारात्मक सोच समाज की दीवारों को पार करते हुए भारत के वर्तमान और भविष्य को आकार देती है।

व्यापक सुरक्षा एवं व्यवस्थाएँ

कार्यक्रम में प्रवेश केवल अधिकृत पास के माध्यम से ही दिया जाएगा।

सुरक्षा एवं प्रबंधन की प्रमुख व्यवस्थाएँ:

प्रशासन के सहयोग से बनाया गया हाई-टेक कंट्रोल रूम

पूरे स्थल पर निगरानी के लिए 150 AI -सक्षम हाई-रिजॉल्यूशन कैमरे

सभी प्रवेश द्वारों पर DFMD एवं हैंड-हेल्ड मेटल डिटेक्टर

दिल्ली से आए 200 प्रशिक्षित निजी सुरक्षा कर्मियों की तैनाती

पर्याप्त पुलिस एवं जिला सुरक्षा बल

समर्पित एंट्री-एग्ज़िट मार्ग

सख्त एक्सेस कंट्रोल – केवल पासधारकों को प्रवेश

विस्तृत क्राउड मैनेजमेंट टीम

जिला प्रशासन के सहयोग से विशेष ट्रैफि क व्यवस्थाएँ

हजारों की उपस्थिति की संभावना:

यह कॉन्सर्ट आज शाम हस्तशिल्प महोत्सव ग्राउंड, स्मृति उपवन में बड़े पैमाने पर आयोजित किया जा रहा है और इसमें हजारों युवाओं तथा परिवारों के शामिल होने की उम्मीद है।

सरोजनीनगर एक यादगार, ऊर्जावान और विश्व-स्तरीय संगीतमय शाम के लिए पूर्णतः तैयार है।

बिरसा मुंडा संदेश यात्रा का भव्य स्वागत

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) द्वारा आयोजित भगवान बिरसा मुंडा संदेश यात्रा शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ पहुँची। यह संदेश यात्रा झारखंड से प्रारंभ होकर कई राज्यों से गुजरते हुए आज बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय के गेट नंबर-1 पर पहुँची। यात्रा के आगमन पर विश्वविद्यालय के कार्यकताओं व विद्यार्थियों ने भगवान बिरसा मुंडा की रथ पर पुष्प वर्षा कर और माल्यार्पण करके उनका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल पर उत्साह और सांस्कृतिक माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर मंत्री सौरभ पाण्डेय, जिला संगठन मंत्री पुष्पा गौतम, विश्वविद्यालय इकाई मंत्री सत्यम पाण्डेय, शोध छात्र शशि पाठक, राहुल, सौरभ, अमन, वीर, आरुष सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अभाविप कार्यकताओं ने बताया कि संदेश यात्रा का उद्देश्य देशभर में भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों, उनके संघर्ष और जनजातीय समाज के प्रति उनके योगदान को नई पीढ़ी तक पहुँचाना है।

विवाहिता की मौत, भाई ने पति पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम हसनापुर में बीती रात एक विवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान कुसुम (34) पत्नी मुकेश के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के मुताबिक, कुसुम ने घर के पीछे बने टीन-शेड में फांसी लगाकर आत्महत्या की। घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था। पुलिस का कहना है कि आत्महत्या के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं लग पाया है, परिजनों और पड़ोसियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

मृतका कुसुम फाइल – फोटो

इधर, मृतका के भाई ने पति मुकेश पर गंभीर आरोप लगाए हैं। भाई का कहना है कि मुकेश शराब का आदी है और आए दिन कुसुम के पास रखे पैसे छीनकर शराब पी जाता था। विरोध करने पर वह उसकी पिटाई करता था और मानसिक रूप से प्रताड़ित भी करता था। भाई ने दहेज प्रताड़ना का भी आरोप लगाया है। उसकी प्रताड़ना से तंग आकर बहन ने आत्मघात जैसा कदम उठाया।

ग्रामीणों की मानें तो घटना से कुछ घंटे पहले मोहल्ले में किसी बात को लेकर कहा-सुनी भी हुई थी। कुसुम अपने पीछे दो छोटे बच्चों—मयंक और अमृता—को छोड़ गई है। दोनों बच्चों की हालत देखकर ग्रामीण भी भावुक हो उठे।

इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि हर एंगल से जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

मलिहाबाद में बनेगा दो लेन का रेल ओवर ब्रिज, 126 करोड़ का आरओबी मंजूर

मलिहाबादझदिलावर नगर के बीच बनेगा बड़ा आरओबी, आम व्यापार को मिलेगा बढ़ावा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अंतरराष्ट्रीय आम मंडी मलिहाबाद से माल तक आने-जाने वाले वाहनों को अब रेलवे क्रॉसिंग पर फंसने की परेशानी से छुटकारा मिलने वाला है। उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम इस मार्ग पर एक किलोमीटर से अधिक लंबा रेल ओवर ब्रिज (आरओबी) निर्माण कराने जा रहा है। इसके बन जाने से राजधानी से अन्य प्रदेशों व विदेशों में भेजे जाने वाले आम समय से अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे। उत्तर रेलवे के मलिहाबाद और दिलावर नगर स्टेशन के बीच बनाए जाने वाले इस आरओबी से क्षेत्र की चार लाख से अधिक आबादी को जाम से राहत मिलेगी। स्थानीय लोगों ने मोहनलालगंज के सांसद आर.के. चौधरी और मलिहाबाद विधायक से यहां आरओबी निर्माण की मांग की थी। जनप्रतिनिधियों द्वारा शासन में प्रस्ताव भेजे जाने के बाद अब इसका खाका तैयार कर लिया गया है। शासनादेश जारी होते ही निर्माण कार्य की रफ्तार बढ़ाई जाएगी। आम के सीजन के दौरान रेलवे क्रॉसिंग बंद होने पर लंबे जाम से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ट्रकों और हाफ डाला वाहनों की संख्या कई गुना बढ़ जाती है, जिससे चार पहिया वाहन अक्सर 30 मिनट तक जाम में फंस जाते हैं। सेतु निगम के अनुसार, प्रस्तावित आरओबी की लागत करीब 126.77 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है, जिसे व्यय वित्त समिति से अनुमति भी मिल चुकी है। यह आरओबी दो लेन का होगा और इसके निर्माण में लगभग दो वर्ष का समय लगेगा। इसके बन जाने से वर्षों पुरानी जाम की समस्या हमेशा के लिए खत्म हो जाएगी।

मलिहाबाद में राष्ट्रीय राजमार्ग जाम: 500 लोगों पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। हरदोई लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगाने के मामले में पुलिस ने 500 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना बीते सोमवार को उस समय हुई, जब मलिहाबाद थाना क्षेत्र के पाठकगंज निवासी विकास कुमार (20) का शव मुजासा गांव के पास रेलवे लाइन पर 13152 जम्मू तवी एक्सप्रेस में फंसा मिला था।

पोस्टमॉर्टम के बाद मंगलवार को शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजन और स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ा और करीब 3 बजे महमूदनगर चौराहा स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर 400-500 ग्रामीणों ने जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को समझाने का प्रयास किया। साथ ही पूरे घटनाक्रम की वीडियोग्राफी भी कराई गई। करीब 40 मिनट तक हाईवे पर यातायात बाधित रहा, जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। बाद में पुलिस और प्रशासन की समझाइश के बाद भीड़ हटाई गई। पुलिस के मुताबिक, राष्ट्रीय राजमार्ग बाधित करने और शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में 500 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

पत्रकार पर हमले की निंदा, क्रांतिकारी पत्रकार परिषद ने डीजीपी को भेजा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। क्रांतिकारी पत्रकार परिषद लखनऊ इकाई ने पत्रकारों पर बढ़ते हमलों को गंभीर चिंता का विषय बताते हुए शुक्रवार को उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक को ज्ञापन भेजकर कठोर कार्रवाई की मांग की है। परिषद के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा लगातार खतरे में है और ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई बेहद जरूरी है। गौरतलब है कि 18 नवंबर को राजधानी में सुदर्शन न्यूज चैनल के राज्य मान्यता प्राप्त छायाकार सुशील कुमार अवस्थी पर प्राणघातक हमला किया गया था। इस घटना की विभिन्न पत्रकार संगठनों ने निंदा की है और शासन से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इसी क्रम में क्रांतिकारी पत्रकार परिषद लखनऊ इकाई के प्रतिनिधि मंडल ने जिला अध्यक्ष सुरेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस के माध्यम से डीजीपी को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में आरोपी तत्वों पर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा पीड़ित पत्रकार के परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की गई है। कार्यक्रम में निर्मल सैनी, अवधेश सिंह, शिवराज सिंह, विकास सैनी, राम किशोर रावत, दुर्गेश त्रिपाठी, निखिल विश्वकर्मा सहित अनेक वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित रहे। परिषद ने पत्रकार सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी।

फेससबुक पर हुआ प्रेम, शादी का झांसा देकर किया शारीरिक शोषण

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद क्षेत्र की एक युवती ने फेसबुक पर बनी दोस्ती के बाद शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने के आरोप में एक युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। मिली जानकारी के अनुसार, वर्ष 2022 में पीड़िता की पहचान फेसबुक के माध्यम से ऋषि यादव निवासी भुलभुला खेड़ा थाना मलिहाबाद से हुई थी। ऑनलाइन परिचय बढ़ने पर दोनों के बीच मोबाइल नंबरों का आदान-प्रदान हुआ और मुलाकातों का सिलसिला शुरू हो गया। युवती का आरोप है कि ऋषि यादव उसे विभिन्न बहानों से लखनऊ बुलाता रहा तथा शादी का आश्वासन देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। पीड़िता का कहना है कि जब उसने शादी के बारे में दबाव बनाया तो आरोपी लगातार टालमटोल करने लगा और बाद में साफ इनकार कर दिया। इसके बाद युवती ने थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए न्याय की मांग की।

रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज आगे की कार्रवाई की जा रही है।

संक्षेप

माइनरों की सिल्ट सफाई में ठेकेदार कर रहे खानापूर्ति

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।विकास खंड औरास क्षेत्र में माइनरों की सिल्ट सफाई में ठेकेदार द्वारा केवल खाना पूर्ति की जा रही है ठीक ढंग से सफाई न होने पर माइनर का पानी ओवर फ्लो होकर खेतो में बोई गई गेंहू की फसल बर्बाद हो जाएगी। शारदा नहर से निकला औरास रजबहा गेरुवा नदौली हाजीपुर गोशा गांव होते हुए रायपुर राई गांव के आगे तक जाता है। इस रजबहा से दर्जनों गांवों की जमीन सिंचित की जाती है। रजबहा की सिल्ट सफाई के लिए ठेकेदार द्वारा जेसीबी मशीन से मानक विहीन सफाई कराई जा रही है ।रजबहा की पूरी सिल्ट साफ नही की जा रही है । सफाई के नाम पर केवल खाना पूर्ति की जा रही है। रजबहा की यदि मानक के अनुसार सफाई नही की गई तो पानी ओवर फ्लो होकर कटान से बहना वाला पानी किसानों के खेतों में भर जाएगा जिससे किसानों की फसल बबार्दी से कोई नही रोक पायेगा किसानों की मांग है कि रजबहा की सफाई ठीक ढंग से कराई जाय।

वृद्धावस्था पेंशन न मिलने से पीड़ित वृद्ध ने एसडीएम को दिया शिकायत पत्र

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। बुजुर्गों ने एसडीएम प्रमेस कुमार श्रीवास्तव को शिकायती पत्र देकर वृद्धावस्था पेंशन न मिलने की शिकायत किया । तहसील के गांव गुलरिहा निवासी पीड़ित वृद्ध बजरंगी पुत्र भगवती के मुताबिक वह राष्ट्रीय इंदिरा गांधी पेंशन योजना का लाभार्थी है ।उसके गांव स्थित ग्रामीण बैंक के खाते में बीते दो वर्षों से पेंशन नहीं भेजी गयी है। वहीं गांव की ही शिव पियारी पत्नी भीखू के अनुसार गांव स्थित बैंक खाते में बीते कई माह से वृद्धावस्था पेंशन का एक धेला तक नहीं भेजा गया ।जिससे उसके सामने वृद्धावस्था में गुजर बसर का संकट है ।वृद्धावस्था पेंशन की बाबत पीड़ितों ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

हिस्सा मांगने पर परिजनो ने युवक को पीटा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।माखी थाना क्षेत्र के भदनी गांव निवासी गजराज रैदास ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि पिता शिव बरन से खेत के बटवारे की बात कही तो गाली गलौज करने लगे उसके बाद पिता व भाई विनय व सुखराम दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगे जब विरोध किया तो लाठी डंडे से मारपीट करने लगे यह देख पत्नी सुनीता व बच्चे बचाने दौडे तो उन्हे भी पीट दिया जिसमें वह दोनों घायल हो गए इस सम्बंध में थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि पीडित की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म पर कार्य चालू लोगो में हर्ष

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव।तहसील क्षेत्र के तकिया रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में लिए जाने के उपरांत कार्य चालू हो जाने से क्षेत्रीय लोगो मे हर्ष फैल गया है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक प्लेटफॉर्म रेजिंग का कार्य चालू है जिसके तहत प्लेटफॉर्म को ऊंचा कर आरसीसी करना है।पुरानी बिल्डिंग को तोड़ने का भी कार्य प्रगति पर है।इस स्टेशन के संवर्द्धनों में स्टेशन आने की सुविधा,आधुनिक प्रतीक्षालय, शौचालय सुविधाएं, आवश्यकतानुसार लिफ्ट और एस्केलेटर की स्थापना, स्वच्छता, मुफ्त वाई-फाई,एक स्टेशन एक उत्पाद,जैसी पहल यात्री सूचना प्रणाली को बढ़ाने के साथ विकलांग व्यक्तियों (दिव्यांगजनों) के लिए सुविधाएं प्रदान करने, टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल समाधान आदि शामिल है। इंजीनियर विद्यासागर बिंद ने बताया शुरूवाती दौर में 4 करोड़ रुपये की धनराशि प्राप्त हो चुकी है जिसके तहत कार्य चालू कर दिया गया है। अमृत स्टेशन का कार्य पूर्ण हो जाने पर लोगो को अनेक सुविधाये मिलना शुरू हो जायेगी। कार्य शुरू होने पर क्षेत्रीय लोगो मे दिनेश दीक्षित,अविनाश बाजपेयी,योगेश बाजपेयी, रमेश चंद्र तिवारी,सुंदर लाल बाजपेयी,राजू बाजपेयी,गोवर्धन सिंह,दल बहादुर सिंह,मनीष शुक्ला,महेश तिवारी ,कुलदीप पटेल,अभिषेक वर्मा आदि ने हर्ष जताया है।

अनियंत्रित डंपर ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। दही थाना क्षेत्र के लखनऊ कानपुर हाईवे दही चौकी आर्यावर्त ग्रामीण बैंक के पास शुक्रवार सुबह उसे समय हड़कंप मच गया जब तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने पीछे से बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। बाइक सवार डंपर के नीचे जाकर फस गई।बाइक क्षतिग्रस्त हो गई।युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। डंपर को कब्जे में ले लिया। अजगैन के रहने वाले 40 वर्षीय कल्लन पुत्र लल्लन अपने घर से सदर कोतवाली के गदन खेड़ा बाईपास स्थित अपनी अंडे की दुकान जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार डंपर ने बाइक मे पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक और युवक डंपर के नीचे फंस गए और 20 मीटर तक रगड़ता चला गया।जिससे बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। कल्लन गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीर जब चिल्लाए तो डंपर चालक ने डंपर रोका। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया।जहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने कानपुर हेलट रेफर कर दिया।वहीं पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

दबंगों ने मां बेटे को लात-घूंसों व लाठियों से पीटा

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कुशाल पुरवा गांव से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. यहां एक किसान की लाही की फसल को जबरन पलटकर आलू गाड़ने के विवाद ने ऐसी भयावह रूप ले लिया कि इलाके में सनसनी फैल गई.पांच दबंगों ने मिलकर एक युवक और उसकी मां को बेरहमी से पीटा, वह भी राहगीरों के सामने. पूरी वारदात पास में खड़े एक शख्स ने अपने फोन में कैद कर लिया, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के मुताबिक बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के कुशाल पुरवा गांव में यह घटना घटी. युवक का आरोप है कि मारपीट की शिकायत करने अपनी मां के साथ पैदल कोतवाली जा रहा था.जैसे ही वह बेरिया गाढ़ा गांव पहुंचा, तभी पांच युवक दो बाइक पर सवार होकर वहां पहुंचे. दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई, और देखते ही देखते मामला हाथापाई में बदल गया. बाइक सवारों ने युवक और उसकी मां पर लात-घूंसों और डंडों से हमला कर दिया. झगड़ा बढ़ने पर बाइक सवारों ने फोन करके अपने साथियों को बुला लिया. कुछही मिनटों में एक महिला और युवक मौके पर आ गए. सातों ने मिलकर युवक और उसकी मां को बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया. लात-घूंसों, डंडों और लाठियों से उसकी पिटाई की गई.घायल मां बेटे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. कोतवाली क्षेत्र के कुशाल पुरवा गांव निवासी रामसहाय के बड़े बेटे रामकुमार उम्र 35 वर्ष ने बताया कि कल जबरन लाही की फसल को पलटकर आलू गाड़ दिए.आज फिर बची हुई जमीन में गेहूं बो रहे थे.जिसका हम और हमारी 50 वर्षीय मां लौंग श्री ने विरोध किया तो कमलेश की ओर से पिटाई कर दी गई.आरोप है कि कोतवाली में शिकायत करने जा रहे थे.इसी दौरान रस्ते में दुबारा से धारदार हथियार से हमला कर दिया गया.आसपास मौजूद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने दबंगों के चंगुल से मां बेटे को बचाकर अस्पताल भेजा.हालांकि पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है ।कोतवाली प्रभारी अनुराग सिंह के मुताबिक वायरल वीडियो ओर घटना की जांच की जा रही है। घटना के बाद परिवार में आक्रोश का माहौल है.पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और कार्रवाई की मांग की है. वहीं प्रशासन का कहना है कि मामले में किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा

ग्राहक बुलाने को लेकर दुकानदारों के बीच हुई जमकर मारपीट

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव।कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत हरदोई उन्नाव मार्ग स्थित शुक्रवार शाम साढ़े तीन बजे स्टेशन रोड के निकट रेडिमेड दुकानदारों में ग्राहकों को अपनी दुकान में बुलाने के विवाद में दो दुकानदार भिड़ गए। उनके बीच जमकर मारपीट हुई ।एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा।दुकान के भीतर घुसकर मारपीट की ।जिसमें एक महिला का बायां हाथ भी टूटा है।सूचना पर कोतवाली पुलिस पहुंच गई।पुलिस दोनों पक्षों को लेकर कोतवाली आई। दोनों पक्ष को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है।

दरअसल बांगरमऊ कस्बा मोहल्ला नौनिहालगंज निवासी कंचन गुप्ता का आरोप है कि उनकी रेडिमेड की दुकान है.आज उनका 16 वर्षीय बेटा अभी गुप्ता और पति उमाकांत दुकान पर मौजूद थे.इसी बीच पड़ोसी दुकानदार चार लोग गाली गलौज करने लगे.विरोध करने पर चारों ने लात घुसो और डंडों से पीटना शुरू कर दिया.खुद बचाने का प्रयास किया किन्तु दौड़ाकर पीटने लगे.जिसमें कंचन गुप्ता का बाया हाथ फैक्चर है और बेटे अभी को अंदरूनी चोटें आई है ।महिला का आरोप है कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है यह पिछले तीन बार ठीक इसी तरह मारपीट कर चुके हैं। और दबंगई दिखाते हैं ।वही पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर दोनों पक्षों से दो दो लोगों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है ।जिसमें दूसरे पक्ष से शिवदेवी उम्र 50 वर्ष और बेटा दीपक उम्र 27 वर्ष शामिल है ।हालांकि डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद चारों लोगो को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है ।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुकान पर ग्राहक बुलाने को लेकर यह विवाद उत्पन्न हुआ.जिसे देखते देखते मारपीट में बदल गया.

चौपाल लगाकर किसानों को विभिन्न योजनाओं की दी गई जानकारी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।विकास खंड औरास के मिजार्पुर अजिगांव में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जानकारी देने के लिए ब्लाक के अधिकारियों द्वारा गाँव मे चौपाल लगाकर किसानों को फार्मर रजिस्ट्री एस आई आर सहित शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी गांव में चौपाल लगकर दी गई। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी दीप शिखा ए डी ओ पंचायत शिव शंकर सिंह सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण, सचिव ग्राम पंचायत , बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित ग्रामीण उपस्थित थे। जहाँ ब्लाक के अधिकारियों ने विन्दुवार शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी विदुवार दी।

जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने डीएम से की भेंट

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के बिहार मौरावा रोड पर देवारा मोड़ के पास साइड रोड बनाए जाने को लेकर चल रहा भारतीय किसान यूनियन भानू गुट का धरना 37वें दिन भी जारी रहा ।37 में दिन धरना स्थल पर बैठे किसानों ने जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी से भेंट कर तत्काल समस्या समाधान की मांग की ।भारतीय किसान यूनियन भानू गुट बिहार मौरावां पर देवारा के पास साइड रोड बनाए जाने को लेकर धरना 15 अक्टूबर से प्रारंभ किया था किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष मुन्ना सिंह ने कहा कि जब तक समस्या का समाधान नहीं हो जाता तब तक अनवरत धरना प्रदर्शन चलता रहेगा।शुक्रवार को मुन्ना सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल उन्नाव जाकर डी एम से मिलकर समस्या समाधान तत्काल कराए जाने की मांग की ।किसान नेताओं ने समस्या समाधान होने तक धरना जारी रखने की बात कही। प्रतिनिधि मंडल में तहसील अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह , मंगली लोधी, अजय कुमार ,अमर नाथ ,हेमू आदि रहे।

बार एसोसिएशन ने सिविल जज के माध्यम से जिला जज का जताया आभार

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव।अधिवक्ता विवाद में थाना दही द्वारा की गई प्रताड़ना का त्वरित संज्ञान लेते हुए जिला जज की कार्यवाही से प्रभावित होकर बार एसोसिएशन पुरवा के पदाधिकारियों द्वारा सिविल जज के माध्यम से आभार जताया है ।बार एसोसिएशन पुरवा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्याम लाल सोनी एडवोकेट के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल ने सिविल जज पुरवा से मिलकर अधिवक्ता पीयुष लोधी को थाना दही द्वारा प्रताड़ित किए जाने के प्रकरण में जिला जज महोदय से हस्तक्षेप करने व अधिवक्ता को न्याय दिलाने का अनुरोध किया था।जिला जज महोदय ने घटना का त्वरित संज्ञान लेते हुए थाना दही प्रभारी को निलंबित कर अधिवक्ता के मामले की निष्पक्ष जांच की जाए।इसी कड़ी में बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिला जज महोदय का आभार जताया ।बार एसोसिएशन ने उन्नाव अधिवक्ता विवाद में थाना दही द्वारा की गई प्रताड़ना का त्वरित संज्ञान लेते हुए जिला जज की कार्यवाही से प्रभावित होकर बार एसोसिएशन पुरवा के पदाधिकारियों द्वारा सिविल जज के माध्यम से आभार जताया है। बार एसोसिएशन पुरवा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्याम लाल सोनी एडवोकेट के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल ने सिविल जज पुरवा से मिलकर अधिवक्ता पीयुष लोधी को थाना दही द्वारा प्रताड़ित किए जाने के प्रकरण में जिला जज महोदय से हस्तक्षेप करने व अधिवक्ता को न्याय दिलाने का अनुरोध किया था।जिला जज महोदय ने घटना का त्वरित संज्ञान लेते हुए थाना दही प्रभारी को निलंबित कर अधिवक्ता के मामले की निष्पक्ष जांच की जाए।इसी कड़ी में बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिला जज महोदय का आभार जताया।

लाइसेंसी असलहों की निरस्तीकरण की रिपोर्ट डीएम को भेजी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।आसीवन थाना क्षेत्र के मदार पुर कैलई गांव निवासी आजाद सिंह की हत्या कर दी गयी थी जिसमें मृतक के पुत्र शुभम सिंह की तहरीर पर पुलिस ने सात आरोपितों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर आरोपी राधे श्याम यादव, अंकित उर्फ धुन्नू, राम रहीस, शिवम, राजेश यादव, मंझन उर्फ कुलवंत यादव, अभिषेक यादव निवासी नौगवां के खिलाफ हत्या का मुकद्दमा दर्ज कर सभी को मय लाइसेंसी असलहों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था जिसमें पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुकद्दमे से सम्बन्धित सभी सात लाइसेंसी असलहों के निरस्तीकरण की रिपोर्ट डीएम गौरांग राठी को भेज दी है ।मदार पुर कैलई गांव निवासी शुभम सिंह का 13 अक्टूबर को नौगवां गांव निवासी राधे श्याम यादव के साथ रास्ते में खडी गाड़ी हटाने को लेकर बिवाद हुआ था और उसी रात दोनों पक्षों के बीच कई राउंड फायरिंग की गयी जिसमें बादी के पिता आजाद सिंह को दो गोलियां लगी थी जिसे गभीर हालत में ट्रामा सेंटर लखनऊ में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान मौत हो गयी थी पुलिस ने मृतक के बेटे की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर लिया था और सभी आरोपितों को असलहों के साथ गिरफ्तार कर लिया था जिसमें पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुन्नी देवी पत्नी श्याम सुंदर के नाम एक राइफल एक रिवाल्वर, राजेश्वरी पत्नी सुंदर लाल निवासी नौगवां हाल पता मोहारी बाग कोतवाली सदर के नाम 12 बोर बंदूक, राधे श्याम यादव के नाम राइफल, राम रहीस के नाम राइफल, शेर सिंह यादव उर्फ राजेश के नाम राइफल, पृथ्वी पाल के नाम 12 बोर बंदूक का लाइसेंस निरस्तीकरण के लिए रिपोर्ट डीएम को प्रेषित कर दी है।

चौकीदार की शव यात्रा बारात के जैसे सज के निकली

चौकीदार की शव यात्रा बारात के जैसे सज के निकली

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव।बेहटा मुजावर थाने में कार्यरत चौकीदार भगवान बहादुर का गत दिवस आकस्मिक निधन हो गया था।जिनकी अंतिम यात्रा आज परिजनों ने बारात की तरह निकाली। बताते चलें की थाना बेहटा मुजावर में चौकीदार के रूप में तैनात मटुकरी निवासी भगवान बहादुर का गत बृहस्पतिवार को आकस्मिक निधन हो गया था। भगवान बहादुर के पाँच बेटे कन्हैयालाल, गोपाल, वासुदेव, महेश, और एक बेटी राधा है।चार बेटों और एक बेटी का विवाह हो चुका है। सबसे छोटा बेटा अर्जुन अविवाहित है।

कन्हैयालाल और गोपाल के दो दो बेटे और वासुदेव व महेश के एक एक बेटी है। ग्रामीणों और परिजनों के अनुसार चौकीदार भगवान बहादुर अपने पीछे एक सम्पन्न एवं भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।जिसके चलते आज परिजनों ने उनकी अंतिम यात्रा जैसे बारात सजाई जाती है उसी तरह सजा के निकाली। अंतिम यात्रा में काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

उत्साहपूर्वक मनाया गया अल्पसंख्यक कल्याण दिवस

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। 25 नवंबर तक चलने वाले कौमी एकता सप्ताह के तहत शुक्रवार को अल्पसंख्यक कल्याण दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया।इस अवसर पर जनपद के सभी राज्यानुदानित, मिनी आईटीआई, आधुनिकीकरण एवं मान्यता प्राप्त मदरसों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं प्रभारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी श्रीप्रकाश पाण्डेय ने बताया कि इन आयोजनों में बच्चों और शिक्षकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिया। सूचना विभाग की ओर से राम लखन तिवारी ने मनमोहक आल्हा गायन प्रस्तुत किया, जिसने उपस्थित छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मदरसा दारुल उलूम फैज-ए-आम, बी.बी. नगर उन्नाव के प्रबंधक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समाज को भाषा, धर्म और भेदभाव की सीमाओं से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से कौमी एकता, भाईचारा और सामाजिक समरसता को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। अल्पसंख्यक कल्याण दिवस के अवसर पर विभिन्न मदरसों में स्कूली बच्चों द्वारा निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता और जागरूकता गोष्ठियां आयोजित की गईं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों और अभिभावकों को सरकार द्वारा संचालित अल्पसंख्यक कल्याण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कई मदरसों में भाईचारे और राष्ट्रीय एकता का संदेश देने के लिए छात्र-छात्राओं का विशेष जुलूस भी निकाला गया। जुलूस में बच्चे राष्ट्रीय ध्वज और एकता से जुड़े संदेशों की तख्तियां लेकर चल रहे थे, जिसे देखकर लोगों ने उनका उत्साह बढ़ाया और इस पहल की सराहना की।

भोर पहर टहलने निकली महिला को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।थाना अजगैन क्षेत्र में भोर पहर टहलने निकली कस्बे के दुर्गा गंज मोहल्ला निवासी एक महिला को हाइवे पार करते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।टक्कर के बाद कई अन्य वाहन भी उसके ऊपर से गुजर गए जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।नवाबगंज कस्बे के दुगार्गंज मोहल्ला निवासी 65 वर्षीय ऊषा, पत्नी सुरेंद्र कुमार अपनी पड़ोसी महिला साथी रामरती के साथ प्रतिदिन की तरह भोर पहर हाइवे स्थित नहर तिराहे की ओर टहलने गई थीं ।जहाँ नहर तिराहे के पास हाइवे पार करते समय ऊषा को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी ।बताया जा रहा है कि टक्कर लगने के बाद पीछे से आ रहे कई तेज रफ्तार वाहन भी महिला के ऊपर से गुजर गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी मुकुल दुबे ने क्षत-विक्षत शव को हाइवे से हटाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।मृतका के बेटे अरुण और अमित सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।पुलिस मामले की जांच तिराहे पर लगे कैमरे से कर उक्त वाहन की पहचान कर रही है।

लोन नदी पर बना पुल की रेलिंग टूटी दे रही हादसों को दावत

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। शुक्ला खेड़ा से घीना खेड़ा रावतपुर मोहकमगंज आदि गावों से निकलने वाले मार्ग में लोन नदी पर बने पुल की रेलिंग कई वर्षों से पड़ी टूटी दे रही हादसों को लगातार दावते तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन से शुक्ला खेड़ा होते हुए रावतपुर घीना खेड़ा मोहकमगंज मझिगवां सेवक सोहरा मऊ आदि दर्जनों गांवों को जोड़ने वाले मार्ग में लोन नदी पर बने पुल की रेलिंग कई वर्षों से टूटी पड़ी हुई है इस मार्ग से दर्जनों विद्यालय की स्कूली बच्चों सहित उनकी गाड़ियां व चार पहिए वाहन आदि आते जाते हैं रेलिंग टूटी होने के कारण अक्सर छोटे बच्चे बड़े वाहनों को आने जाने का लगातार खतरा बना हुआ है

नगर पालिका ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। शुक्लागंज में गुरुवार शाम नगर पालिका गंगाघाट ने राजधानी मार्ग पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया।इस दौरान फुटपाथ और सड़क किनारे लगी कई दुकानें हटाई गईं और सामान जब्त किया गया। अभियान के दौरान भारी पुलिस बल मौजूद रहा। अभियान शुरू होते ही व्यापारियों में हड़कंप मच गया। कई छोटे दुकानदारों ने पालिका प्रशासन पर भेदभाव का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बड़े दुकानदारों के अतिक्रमण को नजरअंदाज किया गया, जबकि छोटे रेहड़ी-पटरी वालों को बिना किसी पूर्व सूचना के जबरन हटा दिया गया। दुकानदारों ने बताया कि वे वर्षों से इन दुकानों से अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। इस अचानक हुई कार्रवाई से उनकी आजीविका पर संकट आ गया है। कुछ दुकानदारों ने आरोप लगाया कि यह कार्रवाई बड़े व्यापारियों के दबाव में की जा रही है और उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है ।दूसरी ओर, पालिका प्रशासन का कहना है कि राजधानी मार्ग पर लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है, जिसकी मुख्य वजह अतिक्रमण है। अधिकारियों ने बताया कि शिकायतों के बाद यह अभियान चलाया गया है और इसमें केवल अवैध कब्जों को हटाया गया है। पालिका ने भेदभाव के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि जल्द ही बड़े दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण पर भी कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण हटाने के दौरान पुलिस बल की मौजूदगी से स्थिति नियंत्रण में रही और किसी भी विवाद को बढ़ने से रोका गया। हालांकि, छोटे दुकानदारों द्वारा उठाए गए सवालों ने पालिका प्रशासन को सवालों के घेरे में ला दिया है। स्थानीय निवासियों ने भी कहा कि मार्ग से अतिक्रमण हटना आवश्यक है, लेकिन यह कार्रवाई सभी के खिलाफ समान रूप से होनी चाहिए।

सम्पादकीय

एनसीआर बना गैस चैंबर क्यों जहरीली हुईं सांसें

देश की राजधानी दिल्ली समेत पूरे एनसीआर का हाल बेहाल है। दिवाली के बाद से शुरू हुआ प्रदूषण कम होने का नाम नहीं ले रहा। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली-एनसीआर के अधिकांश शहरों में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाज़ियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद जैसे शहर घने प्रदूषण की चादर में ढके हुए हैं। आम आदमी का सांस लेना दुभर हो गया है तो फिर छोटे बच्चों और मरीजों की हालत का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। मंगलवार को कई जगहों पर तो एयर क्वालिटी इंडेक्स का लेवल 600 से ज्यादा ही दर्ज किया गया। बच्चे, बूढ़े सभी सांस की दिक्कत, गले में खराश, आंखों में जलन जैसी किसी न किसी परेशानी से जूझ रहे हैं। जानलेवा प्रदूषण के स्तर को देखते हुए पूरे दिल्ली एनसीआर में ग्रैप-4 लागू करने की तैयारी है। ग्रैप 3 लगने के बाद भी प्रदूषण के स्तर में सुधार होने की बजाए पूरा एनसीआर गैस चैंबर में तब्दील हो गया है। इसका खासकर बच्चों पर अधिक प्रभाव हो रहा है, जिनका इस प्रदूषण में कोई दोष नहीं है। जन्म के साथ ही उन पर प्रदूषण की काली छाया पड़ जा रही है। नतीजतन शारीरिक ही नहीं मानसिक बीमारियां भी उन पर हावी हो रही हैं। छोटे बच्चों में अस्थमा जैसे लक्षण पाए जा रहे हैं। इन्हें अस्थमा नहीं कहा जा सकता है। लेकिन कई सालों तक प्रभाव में रहने के कारण अस्थमा भी हो सकता है। द लैंसेट पत्रिका की 2023 की एक रिपोर्ट में तो यहां तक दावा किया गया है कि भारत में हर साल प्रदूषण के कारण पांच साल से कम उम्र के 1.7 लाख बच्चों की मौत हो रही है। बच्चे ही क्यों बड़ों का भी हाल बेहाल है। जबसे प्रदूषण का स्तर बढ़ा है, इसी अनुपात में अस्पतालों में मरीजों की भीड़ भी बढ़ी है। इसमें खांसी-जुकाम के साथ अस्थमा और सांस लेने में तकलीफ के मामले अधिक हैं। पहले खांसी-जुकाम पांच से सात दिनों में ठीक हो रहे थे। लेकिन प्रदूषण के कारण इनकी अवधि बढ़ गई है। कई मामलों में ठीक होने के तुरंत बाद फिर से असर दिखने लगा है। असल में वायु प्रदूषण के संपर्क में आने से मानव कोशिकाओं में ऑक्सीडेटिव तनाव और सूजन पैदा होती है, जो दीर्घकालिक बीमारियों और कैंसर का कारण बन सकती है। 2013 में, विश्व स्वास्थ्य संगठन की अंतराष्ट्रीय कैंसर अनुसंधान एजेंसी ने वायु प्रदूषण को मानव कैंसरकारी कारक के रूप में वर्गीकृत किया था। कई अध्ययनों से यह बात सामने आई है कि बाहरी वायु प्रदूषण के उच्च स्तर के संपर्क में आने से अल्पकालिक जोखिम बढ़ सकता है। फेफड़ों की कार्यक्षमता में कमी, अस्थमा, हृदय संबंधी समस्याएं, आपातकालीन विभाग में जाना और अस्पताल में भर्ती होने से जुड़ा है। अब प्रश्न है कि प्रदूषण कम कैसे हो। इसके लिए सरकार तो अपने स्तर पर प्रयास कर रही है, हर नागरिक को भी आगे आने की जरूरत है। जहां तक हो सके सार्वजनिक परिवहन सुविधा का उपयोग करें। ऐसा कोई काम न करें, जिससे धूल उड़े। घर के बाहर कूड़े को आग न लगाएं। जरूरी न हो तो घर से बाहर न निकलें, अगर निकलें तो मास्क पहनें। अगर हम सजग होंगे तो इस परेशानी से जल्द निपट पाएंगे।

पड़ोस
डॉ. घनश्याम बादल

हसीना केस में कूटनीति की अग्नि परीक्षा

शेख हसीना इन दिनों में भारत में शरणागत हैं। बांग्लादेश में घटित एक विशेष न्यायिक अधिकरण ने उन्हें आंदोलन को कुचलने एवं मानवता के विरुद्ध अपराध का दोषी बताकर मृत्यु दंड की सजा सुनाई है। उनके साथ-साथ उनके गृहमंत्री असद उज्जमा कमाल को भी फांसी की सजा दी गई है। इसका असर भारत की आंतरिक एवं अंतरराष्ट्रीय स्थिति पर पड़ेगा। यदि उन्हें सरकार को सौंप दिया जाता है तो इससे भारत की शरणागत को रक्षा देने की संस्कृति पर बड़ा सवाल खड़ा होगा लेकिन यदि भारत मना करता है तो अंतरराष्ट्रीय कानून भारत के ख़िलाफ़ जाएगा। अब देखें कि भारत सरकार इस पशोपेश की स्थिति में किस कूटनीति का इस्तेमाल करती है।

भारत के सबसे निकट पड़ोसी बांग्लादेश में एक बार फिर उठापटक की आहट सुनाई देने लगी है। वैसे तो पिछले वर्ष जुलाई में वहां जिस तरीके से शेख हसीना की सरकार को छात्र आंदोलन के माध्यम से उखाड़ फेंका गया, वह भी अपने आप में हैरतअंगेज था। लगभग 15 वर्षों से बांग्लादेश पर शासन कर रही बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर्रहमान की बेटी और तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के खिलाफ पहले से ही महंगाई और दूसरी समस्याओं को लेकर काफी असंतोष था, लेकिन मुक्ति दाताओं के पोते-पोतियों को दिए जाने वाले आरक्षण के खिलाफ मुद्दा बनाकर एक उग्र आंदोलन हुआ। इसे रोकने में शेख हसीना की सरकार नाकामयाब रही और उसकी परिणति 1400 लोगों की मृत्यु के रूप में सामने आई। तब भी शेख हसीना की सरकार पर आरोप लगा कि उसने निर्ममतापूर्वक आंदोलनकारी पर गोलियां चलवाई जिससे अनेक छात्र-छात्राएं एवं निर्दोष लोग मारे गए। हो सकता है शेख हसीना को उस समय लगा हो कि आंदोलन का दमन करके उनकी सरकार सुरक्षित रह जाएगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ और हालात इतने बिगड़े कि शेख हसीना को न केवल प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा बल्कि देश छोड़कर भी भागना पड़ा। वे इन दिनों में भारत में शरणागत हैं। बांग्लादेश में घटित एक विशेष न्यायिक अधिकरण ने उन्हें आंदोलन को कुचलने एवं मानवता के विरुद्ध अपराध का दोषी बताकर मृत्यु दंड की सजा सुनाई है। उनके साथ-साथ उनके गृहमंत्री असद उज्जमा कमाल को भी फांसी की सजा दी गई है।

वैसे तो किसी देश में ऐसा कुछ घटित होना वहां का आंतरिक मामला है लेकिन यहां एक पेंच विशेष तौर पर फंसता है और वह है शेख हसीना का भारत में शरणागत होना और उनके साथ उनके शासनकाल के दौरान भारत के विशेष और सौहार्दपूर्ण संबंध होना। यह तथ्य किसी से छुपा नहीं है कि किस तरह 1971 में जब पाकिस्तान में जुल्फिकार अली भुट्टो की सरकार वहां के बंगालियों का दमन कर रही थी तब भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने वहां सेना भेज कर शेख मुजीबुर्रहमान के नेतृत्व में बांग्लादेश का निर्माण करवा दिया था। लेकिन केवल 4 वर्ष के बाद ही 15 अगस्त 1975 में एक सैन्य एक तख्तापलट में शेख मुजीबुर्रहमान और उनका पूरा परिवार मार दिया गया और सत्ता एक हाथ से दूसरे हाथ में होती हुई अंततः जनरल जियाउर्रहमान के हाथों में आ गई थी जो बाद में एक राजनीतिक पार्टी बीएनपी खड़ी करके लंबे समय तक बांग्लादेश के राष्ट्रपति रहे। हालांकि एक राजनीतिक समस्या के हल के लिए चटगांव गए हुए जियाउर्रहमान का भी कत्ल हो गया था। यानी कह सकते हैं कि खून-खराबे के साथ सत्ता परिवर्तन बांग्लादेश का एक इतिहास है। शेख हसीना 1975 में भी इसलिए बच गई थी क्योंकि जब उनके परिवार की हत्या हुई, तब वे जर्मनी में थी। बाद में वह वहां से आकर भारत में रहीं और 1981 में उन्हें बांग्लादेश आवामी लीग का अध्यक्ष चुना गया। शेख हसीना ने लंबे समय तक जियाउर्रहमान और उनकी सरकार से लोहा लिया।

आखिरकार 1996 में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री बनीं लेकिन 2001 में उन्हें जियाउर्रहमान की बेगम

खालिदा जिया ने चुनाव में परास्त कर सत्ता से बाहर कर दिया। वह 2001 तक वहां की प्रधानमंत्री रहीं लेकिन कुशल और व्यावहारिक राजनीतिज्ञ तथा जीवट वाली महिला के तौर पर शेख हसीना को जब ज़रूरत पड़ी तो वे खालिदा जिया के साथ भी मिलकर वहां की सरकारों से लड़ी किंतु दोनों में संबंध सांप और नेवले जैसा ही रहा। एक परिपक्व राजनीतिज्ञ के तौर पर शेख हसीना 2009 में फिर सत्ता में लौटी और उठापटकों के बीच 2024 तक सत्ता में आती-जाती रहीं। फिर वह सब घटनाक्रम हुआ जब उन्हें बांग्लादेश छोड़कर भागना पड़ा। शेख हसीना सरकार के पतन के बाद वहां नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस के हाथों में अंतरिम सरकार के मुखिया के रूप में सत्ता है।

उनकी सरकार का दायित्व था कि फरवरी 2026 तक वे बांग्लादेश को एक निर्वाचित सरकार दे देंगे और आंदोलन में मासूमों के हत्या के दोषी लोगों को सजा भी दिलवाएंगे। कहने को यूनुस गैर राजनीतिक व्यक्ति हैं लेकिन सत्ता में बैठा हुआ व्यक्ति बिना राजनीति के रह नहीं सकता इसलिए उन्हें भी जनता को यह दिखाना है कि उन्होंने जन भावनाओं के अनुरूप दोषियों को उनकी नियति तक पहुंचा दिया है। शेख हसीना को मृत्यु दंड सुनाने वाली विशेष न्यायाधिकरण में इस सुनवाई का टेलीविजन पर प्रसारण यह बताता है कि यह केवल न्याय की बात नहीं अपितु राजनीति का भी बड़ा खेल है।

जहां यूनुस की सरकार जनता को यह संदेश देना चाहती है कि उसने बिना डरे और झुके हुए आंदोलन के मृतकों को न्याय दिलवाया है। वहीं उनकी कोशिश यह भी हो सकती है कि शेख हसीना और उनकी पार्टी 2026 में होने वाले चुनाव में भाग ही न ले पाए या उनकी हालत इतनी ख़राब कर दी जाए कि वह सत्ता में न लौट सकें। जहां न्यायाधिकरण कहता है कि उसके पास शेख हसीना और असद उज्जमा कमाल को फांसी की सजा दिए जाने के पीछे उपलब्ध ऑडियो, वीडियो आदि हैं, वहीं शेख हसीना ने इस निर्णय पर प्रतिक्रिया में कहा कि उन्हें अपनी बात कहने का मौका ही नहीं दिया गया और एक अलोकतांत्रिक तरीके से थोपी गई सरकार और उसके पिट्ठू के रूप में वहां के न्यायाधिकरण ने पहले से ही तय गए निर्णय को सुनाया है।

वहीं सरकार और न्यायाधिकरण का कहना है कि शेख हसीना ने सुनवाई के लिए उपस्थित होने से ही मना कर दिया था। ख़ैर सियासत में प्रतिशोध केवल बांग्लादेश में ही नहीं कई देशों में लिया जाता रहा है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसे देश तो इसके ज्वलंत उदाहरण हैं लेकिन अब यहां पर मुख्य मुद्दा यह है कि निर्णय के तुरंत बाद बांग्लादेश की सरकार ने शेख हसीना को प्रत्यर्पण संधि का हवाला देते हुए बांग्लादेश को सौंप देने का आग्रह भारत की सरकार से किया है। अब गेंद भारत सरकार के पाले में है। एक ओर जहां भारत का नैतिक समर्थन शेख हसीना के प्रति है, वहीं बांग्लादेश के साथ भी हमारे पुराने राजनयिक संबंध हैं। यदि उन्हें सरकार को सौंप दिया जाता है तो इससे भारत की शरणागत को रक्षा देने की संस्कृति पर बड़ा सवाल खड़ा होगा लेकिन यदि भारत मना करता है तो अंतरराष्ट्रीय कानून भारत के ख़िलाफ़ जाएगा और दोनों देशों के बीच संबंध खराब होंगे जो पहले से भी बहुत अच्छे नहीं हैं। इसका असर भारत की आंतरिक एवं अंतरराष्ट्रीय स्थिति पर पड़ेगा। अब देखें कि भारत सरकार इस पशोपेश की स्थिति में किस कूटनीति का इस्तेमाल करती है और उसके परिणाम आने वाले समय में क्या निकलते हैं।

आत्ममंथन

राजीव भारद्वाज

हमें अपने बच्चों में और निवेश करना होगा

किसी भी देश की असली ताकत उसकी भावी पीढ़ी होती है। यानी देश के नौनिहाल, जो कल के वैज्ञानिक, शिक्षक, डॉक्टर, नेता और जिम्मेदार नागरिक बनते हैं। पर जब एक राष्ट्र बच्चों के प्रति अपनी जिम्मेदारी भूलने लगता है, तो उसका भविष्य भी धीरे-धीरे कमजोर पड़ने लगता है। भारत एक युवा देश है। इसलिए यह सवाल आज, पहले से कहीं ज्यादा प्रासंगिक है कि क्या हम सचमुच अपने बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उनके सपनों को साकार करने के लिए कुछ अतिरिक्त प्रयास कर रहे हैं, या केवल भाषणों और उत्सवों तक सीमित रह गए हैं? हर साल नवंबर का एक दिन बच्चों के नाम कर दिया जाता है। विद्यालयों में कार्यक्रम होते हैं, मंचों से बच्चों की मासूमियत पर कविताएं पढ़ी जाती हैं और सभी उनके अधिकारों की बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। परंतु अगले ही दिन फिर सब कुछ अपनी जस की तस वाली स्थिति में लौट आता है, जहां वही बच्चे स्कूल जाने के बजाय काम पर जाते हैं, सिग्नल पर भीख मांगते हैं, किसी ढाबे पर बर्तन धोते दिखाई देते हैं या बाल विवाह की बेड़ियों में जकड़ दिए जाते हैं। यह विरोधाभास अगर हमें झकझोरता नहीं तो इसका मतलब साफ है कि हम अपने भविष्य के साथ किस हद तक बेपरवाह हैं। भारत दुनिया की सबसे बड़ी बाल जनसंख्या वाला देश है। यह आंकड़ा जितना गर्व का विषय है, उतनी ही गंभीर चिंता का भी। इतनी विशाल बाल आबादी का पोषण, शिक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित करना केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि राष्ट्रीय प्राथमिकता होनी चाहिए। हालांकि पोषण 2.0, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, एकलव्य मॉडल स्कूल, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, मिड-डे मील योजना, सर्व शिक्षा अभियान और आंगनबाड़ी की कई योजनाएं निश्चित रूप से सराहनीय हैं। लेकिन योजनाएं तब तक प्रभावी नहीं हो सकतीं जब तक उनमें पारदर्शिता, जवाबदेही और सामाजिक भागीदारी न हो। परंतु सवाल यह है कि क्या ये योजनाएं वास्तव में उस बच्चे तक पहुंच पा रही हैं जिसके नाम पर वे बनाई गई हैं? यूनिसेफ व अन्य एजेंसियों के साथ भारत सरकार की रिपोर्ट भी बार-बार यह चेतावनियां देती रही हैं कि अब भी लाखों बच्चे स्कूल से बाहर हैं। जाहिर है कि स्कूल से बाहर रहने वाले बच्चे ट्रैफिकिंग गिरोहों के सबसे आसान टारगेट हैं। ऐसे ही स्वास्थ्य के मोर्चे पर भी तस्वीर उत्साहजनक नहीं है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे-5 के मुताबिक 5 साल से कम उम्र के करीब 32 फीसदी बच्चे कम वजन के हैं। यानी कुपोषण अभी भी स्वस्थ बचपन की जड़ें काट रहा है। ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और शहरी झुग्गियों में अस्वास्थ्यकर जीवन-स्थितियां बच्चों के लिए दोहरी मार है। यह तथ्य केवल आर्थिक गरीबी नहीं, बल्कि नीति-निर्माण की प्राथमिकताओं पर भी सवाल खड़ा करता है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों को देखें तो, बाल दुर्व्यापार के मामलों में कानून प्रवर्तन एजेंसियों को ज्यादा संजीदगी और संवेदनशीलता की जरूरत है। आज भी देश की लगभग एक चौथाई लड़कियों का विवाह 18 साल की उम्र से पहले हो जाता है। यह न केवल कानून का उल्लंघन है बल्कि उनके स्वास्थ्य, शिक्षा व आत्मनिर्भरता के लिए ग्रहण है। जब किसी बच्ची का बचपन विवाह की रस्मों में खो जाता है, तो समाज की संवेदनशीलता पर गहरा प्रश्न उठता है। हालांकि सरकारों ने अपनी ओर से कई प्रयास किए हैं, लेकिन समय के साथ उनमें भी नई ऊर्जा और नवाचार की जरूरत है। समस्या केवल व्यवस्था की नहीं, मानसिकता की भी है। हम बच्चों को भविष्य तो मानते हैं, पर उन्हें वो सुरक्षित माहौल और अधिकार नहीं देते जिसके वे हकदार हैं। इसलिए उनके अधिकारों की रक्षा के विषय को जवाबदेही और सक्रियता की जरूरत है। नीति-निर्माण से लेकर बजट आवंटन और धरातल पर कार्यान्वयन तक, बच्चों को प्राथमिकता देने की ज़रूरत है। आज का भारत तकनीक, नवाचार और ज्ञान की शक्ति से संचालित विश्व को दिशा देने में अहम भूमिका निभा रहा है। ऐसे में अगर हमें एक सशक्त, आत्मनिर्भर और न्यायपूर्ण भारत बनाना है, तो हमें अपने बच्चों में और निवेश करना होगा और यह निवेश केवल आर्थिक नहीं, बल्कि मानवीय और जवाबदेही का होना चाहिए।

ज्ञान पाना चाहते हैं तो अहंकार छोड़ दें

संकलित
दर्शन

गौतम बुद्ध यात्रा करते रहते थे और बीच-बीच में जहां ठहरते थे, वहां अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। बुद्ध के साथ उनका एक शिष्य हमेशा रहता था। उसका नाम था आनंद। एक दिन बुद्ध प्रवचन दे रहे थे और उस समय आनंद ने पूछा कि तथागत, आप जब प्रवचन देते समय ऊंची जगह पर बैठते हैं और सुनने वाले नीचे बैठते हैं, ऐसा क्यों है? बुद्ध ने आनंद की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आनंद पहले तुम ये बताओ कि क्या तुमने कभी किसी झरने से पानी पिया है? आनंद बोला कि हां, मैंने झरने से पानी पिया है। इसके बाद बुद्ध ने फिर पूछा कि तुमने पानी कैसे पिया? आनंद ने बुद्ध को बताया कि झरना ऊपर से बह रहा था और मैंने झरने के नीचे खड़े होकर पानी पिया था। बुद्ध ने आनंद से कहा कि बस यही तुम्हारी बात का जवाब है। अगर हम झरने से पानी पीना चाहते हैं तो हमें उस झरने के नीचे ही खड़े रहना पड़ेगा। ठीक इसी तरह प्रवचन भी एक झरने की तरह है। जहां ज्ञान का झरना बहाने वाला ऊंची जगह पर बैठते हैं और जो लोग ज्ञान के झरने का पान करना चाहते हैं, वे नीचे बैठते हैं। दरअसल, ज्ञान पाने का सबसे पहला नियम ये है कि हमें अहंकार छोड़ना पड़ेगा। नीचे बैठने से हमारे स्वभाव में जो विनम्रता आती है, अहंकार दूर होता है। इसके बाद ही हम किसी की ज्ञान की बातें ठीक से समझ पाते हैं।

श्रावण मास का धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व

संकलित
प्रेरणा

भारतीय मनीषियों ने काल गणना के प्रसंग में संस्कृत के 12 मासों को वैज्ञानिकता की पृष्ठभूमि में निर्धारित किया है, जिसमें श्रावण मास चैत्रादि मासों के क्रम में पांचवें मास के क्रम में स्वीकार किया है। संस्कृत व्याकरण की दृष्टि से श्रवण नक्षत्र में अण प्रत्यय के योग से श्रावण शब्द बनता है, जिसका अर्थ है श्रवण से संबंधित। ध्यातव्य है कि ज्योतिष शास्त्र में श्रवण नक्षत्र का स्वामी भगवान विष्णु को माना गया है। जिस महीने में श्रवण नक्षत्र में पूर्णिमा होती है, उसे ही श्रावण मास कहते हैं। कुछ विद्वानों के मत से सृष्टि का प्रारंभ जल से हुआ है और सावन मास जल के लिए जाना जाता है। अतः यह सृष्टि का पहला महीना है। वेद कहते हैं- 'अप एव ससर्जादौ' अर्थात विधाता ने सर्वप्रथम जल का निर्माण किया। महाकवि कालिदास जी कहते हैं- या सृष्टिः स्त्रष्टुराद्या अर्थात ब्रह्मा की पहली सृष्टि जल ही है। सावन मास में सूर्य दक्षिणायन हो जाते हैं। कर्क राशि का सूर्य ही सावन मास है। इस महीने भगवान विष्णु जल का आश्रय लेकर क्षीरसागर में शयन करने चले जाते हैं। जल वृष्टि अधिक होने से पृथ्वी में कणों के गर्भांकुर फूट पड़ते हैं। गर्मी का ताप शांत हो जाता है। हृदयहारी वायु बहने लगती है। सभी चराचर जड़ चेतन जीव-जंतु हर्षित हो जाते हैं। प्रकृति का वातावरण सुरम्य हो जाता है। संपूर्ण जीव-जगत उल्लास से भर जाता है। ऊष्णता से संतप्त प्राणियों को शरण देने वाला श्रावण मास का शुभागमन परम आह्लाद देने वाला हो जाता है।

अंतर्मन

आज की पाती

पेट्रोल में इथेनॉल की मिलावट से इंजन पर पड़ रहा असर

हाल के दिनों में 20 प्रतिशत इथेनॉल ब्लेण्डेड पेट्रोल (ई20) देशव्यापी स्तर पर चर्चा का विषय बना हुआ है। यानी अब से जो पेट्रोल आप गाड़ियों के लिए इस्तेमाल करेंगे, उसमें 20 प्रतिशत इथेनॉल मिला होगा। बता दें कि 2014 में पेट्रोल में केवल 1.5 प्रतिशत इथेनॉल मिलाया जाता था। इथेनॉल एक तरह का बायोफ्यूल है, जो मुख्य रूप से गन्ने की प्रोसेसिंग के दौरान बनता है। इसे पेट्रोल में मिलाकर इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे न सिर्फ फॉसिल फ्यूल पर निर्भरता घटती है, बल्कि प्रदूषण भी कम होता है। पर इसका एक साइड-इफेक्ट भी है। 10 प्रतिशत से 20 प्रतिशत तक की ब्लेण्डिंग पर पुराने इंजन जल्दी घिसने लगते हैं।

- मुकेश अवस्थी, बिलासपुर

ट्रेंड

विधि विज्ञान प्रयोगशाला

'नया उत्तर प्रदेश' अपराध और अपराधियों को स्वीकार नहीं करता, अगर किसी ने अपराध किया तो उसकी कीमत भी चुकानी पड़ेगी। गोरखपुर में आज सरल, सुगम एवं त्वरित न्याय हेतु क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला के भवन का लोकार्पण किया।

- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

समस्याओं का समाधान

वर्षों से अटकी समस्याओं का हमारी सरकार समाधान निकाल रही है। आठ महीनों में ही डीटीसी के बेड़े में बड़ी संख्या में ई-बसें शामिल की हैं, जिससे दिल्ली के सार्वजनिक परिवहन को नई गति और स्वच्छ दिशा मिली है। हम लगातार नए-नए प्रोजेक्ट जनता को समर्पित कर रहे है।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

जनता का विश्वास

लठैतवाद की लाठी, छद्मवाद का छल व जंगलराज की विरासत तीनों मिलकर जितना ज्यादा भ्रम का मायाजाल बुनते है, जनता का विश्वास उतना ही भाजपा और एनडीए के प्रति अडिग होता जाता है।

- केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र

हम करके दिखाते हैं

हमारे कर्मों में हमारे द्वारा किए गए वादे छिपे होते हैं। नए आसमान खोलने, आपके सपनों को क्षितिज तक ले जाने और उड़ान के दौरान आपका हाथ थामने के वादे। आपके सफर में हमसफर बन जाते हैं। नए आसमान आ गए हैं! हम करके दिखाते हैं!

- गौतम अदाणी, उद्यमी

करंट अफेयर

यूएई को एफ-35 लड़ाकू विमान बेचेगा अमेरिका

सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की बहुप्रतीक्षित वाशिंगटन यात्रा की पूर्व संध्या पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि वह इस खाड़ी देश को एफ-35 लड़ाकू विमान बेचेंगे। हालांकि, ट्रंप प्रशासन में इस बात को लेकर चिंता है कि इस तरह की बिक्री से चीन को उन्नत हथियार प्रणाली के पीछे की अमेरिकी प्रौद्योगिकी तक पहुंच मिल सकती है। जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या वह सऊदी अरब को ये विमान बेचेंगे तो उन्होंने कहा, ''मैं कहूंगा कि हम ऐसा करेंगे। हम एफ-35 बेचेंगे।'' उन्होंने कहा, "वे हमारे लिए एक महत्वपूर्ण सहयोगी रहे हैं।" यह सात वर्षों से अधिक समय में क्राउन प्रिंस की पहली अमेरिका यात्रा होगी।

ऑफ बीट

वायु प्रदूषण में कमी मानव स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद

उत्तरी गोलार्ध में सर्दी के मौसम की दस्तक के साथ ही बादलों से घिरे सर्द दिनों का भी आगमन हो गया है। बादल पर्यावरण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे न सिर्फ बारिश की बूंदें बरसाते हैं, बल्कि सूर्य की किरणों के धरती पर पहुंचने से पहले उन्हें अंतरिक्ष में परावर्तित भी करते हैं। हालांकि, 2003 से 2022 के बीच उत्तर अटलांटिक और उत्तर-पूर्व प्रशांत महासागर क्षेत्र के ऊपर के बादल कम परावर्तक हो गए, जिससे समुद्र की सतह पर धूप की पहुंच बढ़ गई और उसके तापमान में वृद्धि देखने को मिली। मेरे और मेरे सहकर्मियों के हालिया अध्ययन से पता चलता है

संक्षेप

मौलाना जीलानी का युवाओं को संदेश

नशे से दूर रहने और शिक्षा पर ध्यान देने की अपील, बुराई नस्लों में नहीं पहुंचना चाहिए

सुलतानपुर, लोधेपुर हसनपुर में मंगलवार रात फैजाने सुन्नत कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस कॉन्फ्रेंस में भीलवाड़ा (राजस्थान) से आए आलिम-ए-दीन मौलाना अशरफ जिलानी अजहरी ने युवाओं को नशे से दूर रहने और शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने का संदेश दिया। बंधुआ कला थाना क्षेत्र में आयोजित इस कार्यक्रम में कई मशहूर उलेमा और शोअरा शामिल हुए। मौलाना अशरफ जिलानी ने कहा कि समाज में फैल रही बुराइयों पर ध्यान देना और उन्हें दूर करने का प्रयास करना बेहद आवश्यक है, अन्यथा समाज की स्थिति में सुधार संभव नहीं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नौजवानों को कुरान और हदीस की रोशनी में प्यार और मुहब्बत से समझाया जाना चाहिए। मौलाना ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज बड़ी संख्या में युवक शराब के सेवन में लिप्त हो रहे हैं। शादियों में ढोल-बाजे और डीजे का अनावश्यक प्रचलन भी बढ़ गया है। उनके अनुसार, इन सब कारणों से शिक्षा का स्तर लगातार गिर रहा है, जिस पर समाज का पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा। कॉन्फ्रेंस का मुख्य उद्देश्य मौजूदा दौर में भारत जैसे देश को बेहतर बनाना था।

तीसरी बार कूड़े में मिलीं सरकारी दवाएं

11 माह में तीसरी घटना; जांच सिर्फ कागजों तक, सीएमओ पर सवाल खड़े

सुलतानपुर, सरकारी दवाओं को कूड़े में फेंके जाने का सिलसिला थम नहीं रहा है। पिछले 11 महीनों में यह तीसरी घटना है, जब सरकारी दवाएं लावारिस हालत में मिली हैं। इन मामलों में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) की जांच अब तक केवल कागजी कार्रवाई तक ही सीमित रही है। ताजा मामला टांडा-बांदा हाइवे पर महेश्वरगंज बड़ी नहर पुल के पास का है। यहां राहगीरों ने पुल के किनारे पटरी पर दवाओं के पैकेट बिखरे देखे। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) प्रभारी डॉ. एपी त्रिपाठी को दी। जांच के दौरान पेंटाप्रोजोल, जिंक सहित चार प्रकार की दवाएं मिलीं।

पाक्सो एक्ट में तीन दोषी करार

3 साल की सजा, 15 हजार जुमार्ना सुनाया गया

सुलतानपुर, फास्ट ट्रैक कोर्ट-2 ने पाक्सो एक्ट के एक मामले में तीन आरोपियों को दोषी ठहराया है। अदालत ने तीनों को तीन-तीन साल के कठोर कारावास और कुल 15,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह फैसला 'ऑपरेशन दृढ़ विश्वास' अभियान के तहत पुलिस की प्रभावी पैरवी के बाद आया है। दोषी ठहराए गए आरोपियों में सोनू उर्फ सरवरे आलम पुत्र मुन्ने उर्फ सलीम, सद्दाम हुसैन पुत्र गुलहसन और कल्ली उर्फ जुनैद पुत्र मो. तौहीद अली शामिल हैं। ये सभी दिलावलपुर, थाना कोतवाली देहात के निवासी हैं। इनके खिलाफ 2020 में पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

एसआईआर कार्य में मिली लापरवाही, दो बीएलओ निलम्बित

बलहा व मटेरा विधानसभा के एक-एक बीएलओ पर हुई कार्यवाही

डीएम के निर्देश पर बीएसए ने की कार्यवाही, मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा

बहराइच। भारत निर्वाचन आयोग की शीर्ष प्राथमिकता पर आधारित विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) में लापरवाही बरतने पर जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-284 मटेरा अन्तर्गत मतदेय स्थल 322-प्रा.वि. मोहम्मद नगर (बढ़ईपुरवा) के कक्ष न.-1 के लिए तैनात बी.एल.ओ. प्रधानाध्यापिका प्रा.वि. बढ़इन बाग श्रीमती शमा नफीस तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-282 बलहा (अ.जा.) अन्तर्गत मतदेय स्थल संख्या 307 सं.वि. नौसर गुमटिहा पर तैनात बी.एल.ओ. सहायक अध्यापक अनुराग को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है।

बीएसए श्री सिंह ने बताया कि उप जिलाधिकारी व बीडीओ, चित्तौरा द्वारा बार बार निर्देश देने तथा बीएसए, तहसीलदार व बीईओ चित्तौरा द्वारा दूरभाष पर निर्देशित करने तथा 17 नवम्बर को स्वयं विद्यालय जाकर बीईओ द्वारा ड्यूटी प्राप्त कराने का प्रयास किया गया। परन्तु श्रीमती नफीस द्वारा स्वेच्छाचारिता व हठधर्मिता अपनाते हुए ड्यूटी प्राप्त नहीं की गई और चिकित्सीय अवकाश हेतु आवेदन प्रेषित कर दिया गया। निर्वाचन जैसे अतिमहत्वपूर्ण कार्य में उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने के कारण सम्बन्धित के विरूद्ध निलम्बन की कार्यवाही की गई है।

इसी प्रकार गणना प्रपत्रों के वितरण का कार्य की दैनिक समीक्षा के दौरान लेखपाल/सुपरवाइजर हरवंश प्रसाद की आख्या से ज्ञात हुआ कि मतदेय स्थल संख्या 307 सं.वि. नौसर गुमटिहा पर तैनात बीएलओ सहायक अध्यापक अनुराग द्वारा विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण का कार्य नहीं किया जा रहा है। दूरभाष पर वार्ता करने पर सम्बन्धित द्वारा बीएलओ का कार्य करने से स्पष्ट रूप से मना कर दिया गया। जिस कारण विधानसभा बलहा का निर्वाचन कार्य अत्यन्त ही प्रभावित हुआ है। इस स्थिति पर निर्वाचन आयोग द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी है, जो अत्यन्त ही आपत्तिजनक है। कार्मिक का यह आचरण कर्मचारी आचरण नियमावली के विपरीत है। बीएलओ अनुराग द्वारा निर्वाचन जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरतने तथा उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना किये जाने के कारण सम्बन्धित को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करने की कार्यवाही की गई है।

स्वास्थ्य कर्मियों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्धः हरिराम आर्य

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। 20 नवम्बर को बहराइच में बेसिक हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन का द्विवार्षिक अधिवेशन/चुनाव गुरुवार कों हुआ। इस दौरान जिलेभर से आए स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति में संगठन की नवीन कार्यकारिणी का चयन किया गया। चुनाव अधिकारी/पर्यवेक्षक- ज्ञानचन्द्र श्रीवास्तव (प्रशासनिक अधिकारी सीएमओ कार्यालय बहराइच) एवं सुनील सिंह (स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी) की उपस्थिति में सम्पन्न कराया गया।अधिवेशन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धनंजय तिवारी (प्रांतीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश बेसिक हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन) की अध्यक्षता में अधिवेशन/ चुनाव सम्पन्न हुआ।आयोजित चुनाव / अधिवेशन में जिला अध्यक्ष पद हेतु मणिकांत ओझा, उपाध्यक्ष पद हेतु हरीराम आर्य (टिंकू आर्या),महामंत्री पद हेतु अनूप कुमार चौधरी आदि ने अपना-अपना नामांकन किया। निर्धारित समय तक अन्य नामांकन न होने की स्थिति में सभी उम्मीदवारों कों निर्विरोध घोषित किया गया।इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष हरिराम आर्य ने कहा कि संगठन स्वास्थ्य कर्मियों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने का भी प्रयास किया जाएगा।इस अवसर पर विशेष आमन्त्रित सदस्य राम शेखर पांडेय (मंडल अध्यक्ष) एवं अनुराग श्रीवास्तव (मंडल सह प्रभारी) उत्तर प्रदेश बेसिक हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन देवीपाटन मंडल गोंडा,जुगल किशोर चौबे, आफाक अहमद,रमेश कुमार, मोहम्मद महफूज खान,राकेश कुमार पांडे,शरद चंद मिश्रा सहित अन्य उपस्थित रहे।

अपेक्स स्कूल में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

कैसरगंज पुलिस क्षेत्राधिकारी ने यातायात संबंधी बताए टिप्स

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि खोखर यातायात माह नवंबर के मद्देनजर अपेक्स इंटरनेशनल स्कूल कैसरगंज में स्कूली बच्चों को यातायात संबंधी तमाम जानकारियां दी। अक्सर देखने को मिलता है कि स्कूल आने के टाइम और स्कूल की छुट्टी होने के बाद रोड एक्सीडेंट के खतरे ज्यादा होते हैं। इसी के क्रम में शुक्रवार को अपेक्स स्कूल में पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि खोखर ने बहुत ही आसान एवं सरल तरीके से बच्चों को यातायात संबंधी टिप्स बताएं की जब भी हम रोड पर चले तो अपनी बाई तरफ सड़क के बिल्कुल किनारे चले किसी भी गाड़ी को और टेक करते समय आगे और पीछे सावधानीपूर्वक देख ले रोड को क्रॉस करते समय सावधानीपूर्वक दाहिने और बाएं देख ले जब रोड खाली हो तभी रोड क्रॉस करें हमारा जीवन

अमूल्य है। सड़क को पार करते समय हमेशा सावधानी बरतें। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कैसरगंज बृजेंद्र कुमार मिश्र एवं तमाम कैसरगंज पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी बहराइच का प्रयास लाया रंग

भरथापुर के 10 हितग्राहियों के खातों में पहुंची धनराशि

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर, बहराइच। भरथापुर विस्थापन को लेकर जिला अधिकारी अक्षय त्रिपाठी लगातार मेहनत कर रहे हैं उनका प्रयास धीरे-धीरे रंग लाता दिखाई दे रहा है । डीएम के प्रयास से 10 लोगों के खाते में पैसे पहुंच गए हैं और अन्य के खातों में धीरे-धीरे करके पैसों की उपलब्धता पहुंचने वाली है।

विगत 02 नवम्बर को जनपद भ्रमण के दौरान प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के कोर/क्रिटिकल टाइगर हैबिटेट व गेरूआ एवं कौड़ियाला नदी के मध्य अत्यन्त दुरूह क्षेत्र में बसे राजस्व ग्राम भरथापुर के विस्थापन की घोषणा को धरातल पर कार्यान्वित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा किये गये प्रयासों के परिणाम स्वरूप वन विभाग के साथ एम.ओ.यू. करने वाले ग्राम के 10 हितग्राहियों के खातों में भूमि मूल्य एवं परिसम्पत्तियों हेतु रू. 36 लाख 46 हजार 27 रुपए की धनराशि अन्तरित कर दी गई है। भरथापुर ग्राम के हितग्राहियों श्रीमती शीला देवी पत्नी बेझा राम के खाते में रू. 03 लाख 27 हजार 840, मनोहर पुत्र पुत्तीलाल को रू. 08 लाख 35 हजार 500, गंगा देवी पत्नी हरीराम को रू. 03 लाख 28 हजार 30, लखराजा पुत्र बसंत लाल को रू. 01 लाख 34 हजार 280, केशवराम पुत्र बलदेव को रू. 10 लाख 759, तारा देवी पत्नी रामचन्दर को रू. 02 लाख 53 हजार 350, राधेश्याम पुत्र कल्लूराम को रू. 03 लाख 73 हजार 260, होली (हबली) पुत्र भारत को रू. 66 हजार 720, सितवा पुत्र राम प्रयाग को रू. 02 लाख 33 हजार 238 व माधुरी पत्नी राम सहाय के बैंक खाते में रू. 93 हजार 50 इस प्रकार 10 हितग्राहियों के खातों में रू. 36 लाख 46 हजार 27 रुपए की धनराशि अन्तरित कर दी गई है।

सालना उर्स का हुआ भव्य आयोजन

हजारों लोगों ने लिया कव्वाली का आनंद

रात भर झूमते रहे श्रोता

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत कुड़ोनी में हर वर्ष की बात इस वर्ष भी कव्वाली का आयोजन किया गया। इस कव्वाली आयोजन मेंहाजी तस्लीम आरिफ अपनी टीम के साथ शिरकत की और सीबा परवीन ने अपने टीम के साथ शिरकत फरमाकर कव्वालियों का प्रोग्राम शुरू किया और रात भर श्रोता कव्वाली का आनंद लेते रहे जिसमें तस्लीम आरिफ ने पढ़ा हमसे अपने जलते हैं ख्वाजा पिया और बच के निकलते हैं ख्वाजा पिया जिक्र हमको नहीं क्योंकि हम हैं तेरे शान से निकलते हैं ख्वाजा पिया तेरे टुकड़ों पर पलते हैं ख्वाजा पिया, और सीबा परवीन ने पढ़ा मेरे खुदा मुझे दौलत का पुजारी ना बना, गमों के बोझ से यह जिंदगी भारी न बना, रसूले पाक के सदके में इस हाथ को इस हाथ का मोहताज न बना। इस प्रोग्राम पर श्रोताओं ने जाम कर खूब वाहवाही की तथा लोगों का मन मोह लिया। इस मौके पर कमेटी सदस्यों ने उन्हें स्वागत किया। इस कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था लगे वरिष्ठ उप निरीक्षक रविंद्र कुमार चंद्र, उपनिरीक्षक आलोक कुमार गौतम, कांस्टेबल, गिरिजा शंकर चौधरी ने अपनी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाईको लेकर अहम भूमिका निभाई। इस मौके पर मेला प्रबंधक कमेटी के सदस्यों में वरिष्ठ समाज सेवी मुहीब अहमद, मजहर अली, जफरुद्दीन, रिहान, मुन्ना मोहम्मद करीम डॉक्टर गौसुल आजम मोहम्मद शरिफ, मोहम्मद राशिद क्षेत्र पंचायत सदस्य जियाउद्दीन छब्बन खान मोहम्मद रजी फिरोज अहमद इमरान चिश्ती फखरुद्दीन शाहबाज आलम, मेहताब बादशाह अराफात अहमद उर्फ सनी मोहम्मद ओसामा इकलाख अहमद मोहम्मद अफान शेख, सहित कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे।

पुलिस ने 4 गौकश को किया गिरफ्तार

भेजा जेल, गौकशी के उपकरण और एक गोवंश बरामद

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, चार गौकशों को गिरफ्तार किया है। ये लोग एक गोवंश को बंधक बनाकर गौकशी के लिए ले जा रहे थे। पुलिस ने इनके पास से एक गोवंश और गौकशी के उपकरण बरामद किए हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है। यह पूरा मामला मोहनगंज थाना क्षेत्र के भावापुर गांव स्थित एक बाग का है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गांव के बाग में कुछ लोग एक गोवंश को क्रूरतापूर्वक रस्सी से बांधकर ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही मोहनगंज पुलिस तुरंत हरकत में आई और मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके से चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान भावापुर निवासी ईबरार पुत्र मोईन, इश्तियाक पुत्र मोइन, इमरान पुत्र अबरार और सिरताज उर्फ गुड्डू पुत्र मुमताज के रूप में हुई है। ये सभी मोहनगंज थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों के रहने वाले हैं। मौके से पुलिस ने एक गोवंश, एक लकड़ी का ठीया, दो चापड़, चार चाकू, एक रस्सी, तीन बोरी और 50 पन्नी बरामद की। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे इस गाय को गौकशी करने के लिए ले जा रहे थे।

वन्य जीव प्रभाग प्रतियोगिता में बच्चों ने मारी बाजी

जिलाधिकारी ने बच्चों को उपहार देकर किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुरे जनपद के गांधी सभागार अंतर्गत सामाजिक वानिकी वन एवं वन्य जीव प्रभाग द्वारा प्रतियोगिता आयोजित की गई जिलाधिकारी रवींद्र सिंह की मौजूदगी में आयोजित प्रतियोगिता अंतर्गत बच्चों की रंगोली चित्रकला तथा निबंध प्रतियोगिता कराई गई जिसमें देवमई विकासखंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय छिवली की छात्रा अंशिका अनन्या तथा आकाश ने बाजी मारी वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालय गलाथा के छात्र अंश सारिका तथा नवनीत ने भी उच्च स्थान प्राप्त किया ठीक इसी प्रकार अन्य विकासखंड जैसे मलवा भिठौरा तेलियानी हथगाम एरायां आदि के बच्चों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाते हुए उच्च अधिकारियों का दिल जीत लिया मौके पर मौजूद जिला अधिकारी रवींद्र सिंह ने सभी विजेता बच्चों को उपहार भेंट कर

उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी

परशुराम सेना प्रकोष्ठ ने राजयपाल के नाम सौंपा तीन सूत्रीय ज्ञापन

सवर्ण आयोग गठन की किया मांग

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच।जिले के डीएम तिराहा पर सैकड़ो परशुराम सेना प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एकत्रित होकर राज्यपाल महोदय को संबोधित एक ज्ञापन पत्र जिला मजिस्ट्रेट बहराइच को देते हुए तीन सूत्रीय मांग रखी है जिसमें सवर्ण आयोग का गठन, जातिगत आरक्षण की जगह आर्थिक आरक्षण का प्राविधान एवं SC ST एक्ट में बिना उच्च स्तरीय जांच के गिरफ्तारी पर रोक लगाई जाए, संगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्री महेंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि यदि सरकार उनकी मांगों को गंभीरता से लेकर कार्रवाई नहीं करती है तो देशव्यापी शांतिपूर्ण जनांदोलन किया जाएगा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज त्रिपाठी ने भगवान परशुराम की जयंती पर पुनः अवकाश घोषित किया जाए इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोज अवस्थी, स्नेह शुक्ल, जिलाध्यक्ष बहराइच भानु पांडे, जिलाध्यक्ष श्रावस्ती आशीष मिश्रा, जिलाध्यक्ष अनुशासन समिति दिलीप मिश्रा, चंद्रभूषण द्विवेदी, विकास पांडेय, सूरज त्रिवेदी, आर एन तिवारी, नीरज , विनोद, इंद्रेश, प्रदीप, दीपेंद्र, मनीष, विवेक, पारसनाथ सहित संगठन के सैकड़ो सदस्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

अल फलाह और एएमयू के खिलाफ करणी सेना का प्रदर्शन

अल फलाह यूनिवर्सिटी का एएमयू टूनार्मेंट में आवेदन, लेकिन प्रशासन को नहीं लगी भनक

अमन लेखनी समाचार

अलीगढ़, मुस्लिम यूनिवर्सिटी ने में 27 नवंबर से शुरू होने वाले नॉर्थ जोन इंटरवर्सिटी क्रिकेट टूनामेंट (पुरुष) में फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी की एंट्री ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। दिल्ली बम ब्लास्ट के बाद जांच एजेंसियों की रडार पर आई इस यूनिवर्सिटी पर बड़े स्तर की कार्रवाई हो चुकी है।सुरक्षा एजेंसियों के रडार पर आने के बाद भी एएमयू टूनामेंट में अल फलाह यूनिवर्सिटी की टीम रजिस्ट्रेशन हो गया और स्थानीय प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं लगी। इसी मुद्दे पर करणी सेना ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर एएमयू प्रशासन पर गंभीर सवाल उठाए। करणी सेना का आरोप है कि जिस यूनिवर्सिटी के डॉक्टर और कुछ स्टाफ राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मामलों में एजेंसियों की जांच का हिस्सा रहे हों, उसकी क्रिकेट टीम को अलीगढ़ बुलाना सुरक्षा मानकों से खिलवाड़ है। वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठाकुर ज्ञानेंद्र सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसीएम प्रथम विनीत मिश्रा को सौंपा। उन्होंने कहा कि दिल्ली ब्लास्ट कांड में अल फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़े नाम सामने आने के बाद केंद्र स्तर पर बड़ी कार्रवाई हुई और यूनिवर्सिटी की मान्यता तक रद्द की जा चुकी है। इसके बावजूद एएमयू ने उसकी टीम का पंजीकरण स्वीकार कर लिया। ज्ञानेंद्र सिंह चौहान ने चेतावनी दी कि यदि अल फलाह के खिलाड़ी अलीगढ़ आए, तो करणी सैनिक सड़कों पर उतरकर विरोध करेंगे और उन्हें मैदान में उतरने नहीं देंगे। उनका कहना है कि अल फलाह यूनिवर्सिटी के डॉक्टर देश विरोधी गतिविधियों में शामिल रहे हैं। दिल्ली ब्लास्ट में नाम सामने आने के बाद भी एएमयू ने वहां की टीम को आमंत्रित किया, यह बेहद निंदनीय है। कहा कि एएमयू प्रशासन ने बिना किसी सुरक्षा सत्यापन के टीम को खेलने की अनुमति देकर गंभीर लापरवाही की है।

गैस किल्लत और कालाबाजारी से लोग परेशान

कांग्रेसियों ने सरकार को दी बड़े आंदोलन की चेतावनी

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, घरेलू गैस की बढ़ती किल्लत और कालाबाजारी को लेकर कांग्रेसियों ने सरकार की नीतियों पर कड़ा प्रहार किया है। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द हालात नहीं सुधरे, तो वे बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। जिले में गैस सिलेंडरों की आपूर्ति लगातार कमजोर होने के कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुकिंग के बावजूद लोगों को समय पर सिलेंडर नहीं मिल रहे। कई जगहों पर लोगों को रसोई चलाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह ने आरोप लगाया कि वर्तमान भाजपा सरकार उपभोक्ताओं की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रही। उन्होंने कहा कि सरकार झूठे वादों के सहारे जनता को भ्रमित कर रही है। सिंह ने प्रशासन से गैस किल्लत को तत्काल दूर करने की मांग की। अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव सलाउद्दीन हाशमी ने कहा कि सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है और धार्मिक मुद्दे उठाकर जनता को असल समस्याओं से भटकाया जा रहा है। उन्होंने सड़क, पानी, बिजली और गैस की बढ़ती कीमतों के साथ बेरोजगारी को भी गंभीर समस्या बताया। प्रदेश सचिव रणजीत सिंह सलूजा ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने उद्योगपति मित्रों को लाभ पहुंचाने में लगे हैं

सियार-कुत्तों के हमले से सात घायल

चार महिलाएं भी शामिल, दो जिला अस्पताल रेफर

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, शुकुल बाजार थाना क्षेत्र में सियार और आवारा कुत्तों के हमलों से दहशत फैल गई। इन अलग-अलग घटनाओं में चार महिलाओं सहित कुल सात लोग घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल समुदाय स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) शुकुल बाजार ले जाया गया, जहां उन्हें प्राथमिक उपचार मिला। गंभीर रूप से घायल दो महिलाओं को डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। दक्खिनगांव क्यार निवासी 65 वर्षीय शिवलली देवी पत्नी सत्यप्रकाश सुबह खेत जा रही थीं। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे एक सियार ने उन पर हमला कर उनके पैर में काट लिया। उनकी चीख सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और किसी तरह सियार को भगाया। कुछ ही देर बाद, इसी गांव की 50 वर्षीय राजपति पत्नी सत्यदेव पर एक आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया, जिससे वह भी घायल हो गईं। पूरे भवनी गांव में खेत में घास काट रही शिवप्यारी और कृष्णावती पर भी सियार ने हमला किया। दोनों को गंभीर चोटें आईं। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें आगे के इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इसी तरह, कूटी गांव निवासी गुड्डू पुत्र हरिश्चंद्र, शुकुल बाजार के विकास गिरी पुत्र महादेव गिरी और पाली निवासी दुर्गेश भी आवारा कुत्तों के हमलों में घायल हुए हैं।

संक्षेप

किसान ने आईएएस के पैर पकड़े, लेखपाल ने रिश्वत मांगी

मेरठ में जमीन विवाद, डीएम ने तीन सदस्यीय टीम गठित की

मेरठ, जमीन बंटवारे के एक मामले में किसान ने एसडीएम सदर कोर्ट के बाहर जमकर हंगामा किया। किसान ने आईएएस अधिकारी दीक्षा जोशी के पैर पकड़कर न्याय की गुहार लगाई। उन्होंने किसान को पानी पिलाया और उसकी समस्या सुनी, लेकिन किसान तत्काल न्याय की मांग पर अड़ा रहा। किसान की पहचान सरूरपुर थाना क्षेत्र के कालीना गांव निवासी राजीव के रूप में हुई है। राजीव ने बताया कि उनके पिता रविंद्र सिंह का सत्येंद्र सिंह से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। वर्ष 2020 में उनके पिता द्वारा दायर वाद में तत्कालीन ज्वाइंट मजिस्ट्रेट संदीप भागिया ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया था। हालांकि, प्रतिवादी ने अपर आयुक्त की कोर्ट में अपील कर उस फैसले को रद्द करा दिया था। वर्तमान में यह मामला एसडीएम सदर डॉ. दीक्षा जोशी की कोर्ट में विचाराधीन है। कोर्ट ने संबंधित लेखपाल सुरेंद्र को जमीन के कुर्रे की रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया था। किसान राजीव का आरोप है कि लेखपाल सुरेंद्र ने इस रिपोर्ट के बदले उनसे 10 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। किसान ने यह भी बताया कि लेखपाल ने रिश्वत की रकम कागज पर लिखकर मांगी थी और उन्होंने गाय बेचकर पैसे देने का वादा भी किया था। किसान का आरोप है कि समय पर पैसे न मिलने के कारण लेखपाल ने कुर्रे की रिपोर्ट उनके पक्ष में नहीं लगाई। इसी वजह से उन्होंने कोर्ट के बाहर हंगामा किया। एडीएम सिटी बृजेश सिंह ने किसान को समझाने का प्रयास किया, जिस पर किसान ने कहा कि यदि उसे न्याय नहीं मिला तो उसका नया पता श्मशान घाट होगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह ने तीन सदस्यीय जांच टीम गठित की है, जो 10 दिन के भीतर किसान द्वारा लगाए गए आरोपों पर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।

डॉक्टर से रंगदारी मांगी

गाली-गलौच, बदमाश सीसीटीवी में कैद, पुलिस से शिकायत

मेरठ, किठौर क्षेत्र के शाहजहांपुर में एक डॉक्टर के क्लिनिक पर रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। बाइक सवार दो युवकों ने डॉक्टर से गाली-गलौच और अभद्रता करते हुए धमकी दी। यह पूरी घटना क्लिनिक के बाहर और अंदर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। पीड़ित डॉक्टर ने किठौर पुलिस से शिकायत कर सुरक्षा की गुहार लगाई है। शिकायत के अनुसार, डॉ. जुबैर खान, जो शाहजहांपुर में शम्स आयुर्वेदम्स क्लिनिक चलाते हैं, का आरोप है कि साहिब खान नामक व्यक्ति उनसे अवैध रूप से पैसों की मांग कर रहा है। डॉ का आरोप है कि साहिब खान स्वयं को पत्रकार बताता है और डॉक्टर की डिग्री को फर्जी बताकर सोशल मीडिया पर बदनाम करने की धमकी देता है। रंगदारी न देने पर वह क्लिनिक पर दबाव बनाता रहता है। डॉ. जुबैर के मुताबिक, साहिब खान अपने भाई इनायत के साथ उनके क्लिनिक पर पहुंचा। उस समय डॉक्टर वहां मौजूद नहीं थे।

बरेली हिंसा में प्राथमिकी रद्द करने से हाईकोर्ट का इंकार

पुलिस पर भीड़ ईंट-पत्थरों, पत्थरों और तेजाब की बोतलों से हमले का मामला

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बरेली में सितंबर में हुई हिंसा मामले से जुड़ी प्राथमिकी को रद करने की मांग वाली याचिका स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। आरोप है कि पुलिस बल पर भीड़ ने ईंट-पत्थरों, पत्थरों और तेजाब की बोतलों से हमला किया था। न्यायमूर्ति अजय भनोट और न्यायमूर्ति गरिमा प्रसाद की पीठ ने इस निर्देश के साथ याचिका निस्तारित कर दी है कि याची अदनान अन्य कानूनी उपायों का उपयोग करने के लिए स्वतंत्र है। अदालत में अतिरिक्त महाधिवक्ता अनूप त्रिवेदी, सहायक महाधिवक्ता पारितोष मालवीय ने कहा कि कानून-व्यवस्था लागू करने वाले पुलिस बल पर हमला किया गया जिसका काम कानून व्यवस्था कायम रखना है। खंडपीठ को बताया गया कि मौलाना तौकीर रजा द्वारा सभा का आह्वान करने के बाद पुलिसकर्मियों पर तेजाब की बोतलों, ईंट-पत्थरों और आग्नेयास्त्रों से हमला किया गया। बीएनएस के तहत केस दर्ज किया गया है। अभियोजन के अनुसार 26 सितंबर को मौलाना तौकीर रजा ने समुदाय विशेष को इस्लामिया इंटर कॉलेज में इकट्ठा होने का आह्वान किया था। बीएनएस की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू होने के बावजूद लगभग 200-250 लोगों की भीड़ मौलाना आजाद इंटर कॉलेज से श्यामगंज चौराहे की ओर बढ़ी। हाथों में तख्तियां लिए और भड़काऊ नारे लगाते हुए भीड़ ने पुलिसकर्मियों की चेतावनी और समझाने-बुझाने पर ध्यान नहीं दिया। कुछ ही देर में भीड़ आक्रामक हो गई। पुलिस पर ईंट-पत्थर और तेजाब की बोतलें फेंकी जाने लगी। पुलिसकर्मियों पर गोलियां भी चलाई गईं। कुछ पुलिसकर्मियों के कपड़े फट गए और दो अधिकारी घायल हो गए। हालात यहां तक बिगड़े कि पुलिस बल को आत्मरक्षा में गोलियां चलानी पड़ीं। राज्य सरकार का कहना था कि यदि ऐसे मामलों में कानून के अनुसार कार्रवाई नहीं हुई तो इससे सार्वजनिक सुरक्षा और व्यवस्था के लिए खतरा पैदा हो सकता है। प्रथम दृष्टया याचिकाकर्ता के खिलाफ अपराध का पता चलता है। हरियाणा राज्य बनाम भजन लाल और निहारिका इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड बनाम महाराष्ट्र राज्य में सर्वोच्च न्यायालय के ऐतिहासिक निर्णयों का हवाला देते हुए तर्क दिया कि इस स्तर पर कोई भी अंतरिम राहत जांच में बाधा डाल सकती है।

बढ़ते प्रदूषण को लेकर भारतीय किसान यूनियन का धरना प्रदर्शन जारी

अमन लेखनी समाचार

मलवा, फतेहपुर, किसान औद्योगिक इकाइयों से जनपद में फैल रहे प्रदूषण तथा अन्य समस्याओं से ग्रसित होकर जनता की आवाज पर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक गुट ने न्याय न मिलने पर धरना प्रदर्शन जारी किया यह धरना प्रदर्शन जनपद के चौडगरा ओवर ब्रिज के नीचे तहसील अध्यक्ष सुधीर सिंह उर्फ बबलू सिंह समेत सभी पदाधिकारियों की अगुवाई में प्रारंभ हुआ जो निरंतर अभी तक जारी है जानकारी लेने पर बबलू सिंह ने बताया कि चौडगरा क्षेत्र में अधिकतर फैक्ट्रियां हैं जिससे निकलने वाला जहरीला धुआं रासायनिक औद्योगिक कचरा गंभीर बीमारियों को निमंत्रण दे रहा है आसपास के खेतों की स्थिति दिन प्रतिदिन खराब होती चली जा रही है अगर इस पर सरकार ने रोक नहीं लगाया तो किसान यूनियन के पदाधिकारी अपनी मांगों को लेकर आगामी 25 नवंबर को महा आंदोलन करते हुए उग्रवादिता में उतर आएंगे प्रचार मंत्री सुखीराम ने जानकारी देते हुए बताया कि फैक्ट्री से बहने वाला रासायनिक औद्योगिक कचरा क्षेत्र की भूमि को बंजर बना रहा है वहीं बड़े पैमाने पर प्रदूषण भी फैल रहा है खेती बंजर होने पर किसानों की फसलों पर भारी प्रभाव दिन प्रतिदिन पड़ता जा रहा है वहीं अन्ना मवेशी पर भी सरकार रोक नहीं लगा पा रही है इन्हीं सभी समस्याओं को लेकर अगर शासन प्रशासन सुधार करने का प्रयास नहीं करता तो भारतीय किसान यूनियन आगामी 25 नवंबर को बकरी भेड़ समेत अन्य कई पशुओं को लेकर तहसील मुख्यालय में पैदल मार्च कराएगा इस मौके पर हरिराम यादव पिंटू निषाद उमेश निषाद रज्जन सिंह अभय रामाधार सिंह राकेश सिंह कामता सिंह कल्लू मास्टर त्रिभुवन सिंह शिव प्रसाद राजू प्रेम यादव कुलदीप राजू उर्फ बवंडर रामबरन सिंह समेत भारतीय किसान यूनियन के सैकड़ो पदाधिकारी व क्षेत्रवासी मौजूद रहे

मण्डल कार्यालय में एकदिवसीय कार्यशाला हुई आयोजित

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में मण्डल अध्यक्ष संतोष गुप्ता की अगुवाई में एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय मंत्री पवन प्रताप सिंह एवं भारतीय जनता पार्टी की फतेहपुर जिला मंत्री रेखा मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरदार वल्लभ भाई पटेल आदि महापुरुषों की प्रतिमा में माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम अंतर्गत मौजूद मुख्य अतिथियों ने चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता पुनरीक्षण अभियान एस आई आर के बारे में बृहद रूप से जानकारियां दी बैठक में मौजूद जिला मंत्री रेखा मिश्रा ने भी उपस्थित सभी पदाधिकारी सेक्टर प्रमुख को एवं मतदाताओं को जानकारी देते हुए बताया कि सभी मतदाता अपने मताधिकार का पूर्ण रूप से वैध प्रयोग करें एक मतदाता समूचे भारतवर्ष में केवल एक स्थान पर ही मतदान करने का अधिकारी है इसलिए वह एक जगह से भी मताधिकार हेतु आवेदन कर सकता है बैठक में पहुंचे मुख्य अतिथि समेत सभी को मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता द्वारा सम्मानित किए गया इस मौके पर बैठक के दौरान पूर्व जिला मंत्री साहब सिंह गौतम राम भक्त वर्मा नरेंद्र निषाद देवेंद्र अवस्थी सत्य प्रकाश शुक्ला अशरफ खान आनंद गुप्ता दीपक निषाद रणधीर सिंह शशिकांत पाल शुभम ठाकरे रामस्वरूप अनूप चौहान अमित कश्यप कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी मौजूद रहे

रिश्ते के चाचा ने की भतीजे की हत्या

हापुड़ से अपहरण कर जंगल ले गए, मुंह में कपड़ा ठूंसकर ईंट से कुचला; जलाना चाहते थे शव

अमन लेखनी समाचार

हिमांशु सिंह, मृतक

गाजियाबाद, 15 साल के भतीजे की उसके चाचा ने अपने दोस्त के साथ मिलकर हत्या कर दी। हापुड़ से चाचा पहले अपने भतीजे का अपहरण किया। इसके बाद उसे भोजपुर जंगल में ले गए, जहां पर उन्होंने ईंट से कुचलकर उसकी जान ले ली। हत्या के बाद दोनों शव को जलाना चाहते थे, लेकिन किसी कारण वे शव को जला नहीं पाए और मौके से भाग गए। पुलिस ने भोजपुर जंगल से किशोर का शव बरामद कर लिया है। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। साथ ही आरोपी चाचा और उसके दोस्त को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। यह घटना भोजपुर थाना क्षेत्र की है। किशोर की पहचान 15 वर्षीय हिमांशु सिंह पुत्र नरेश सिंह के रूप में हुई है। वह भोजपुर थाना क्षेत्र के कनकपुर गांव का रहने वाला था। हिमांशु हापुड़ के पिलखुआ में प्रॉपर्टी डीलर जितेंद्र के ऑफिस में काम करता था। 17 नवंबर को रिश्ते के चाचा सचिन अपने दोस्त पुष्पेंद्र के साथ हापुड़ पहुंचा। दोपहर करीब 2 बजे चाचा ने हिमांशु को घर पर किसी काम का बहाना बनाकर साथ चलने के लिए कहा। गांव के पास पहुंचते ही दोनों ने हिमांशु के मुंह में कपड़ा ठूंस दिया, जिससे वह शोर न मचा सके। इसके बाद दोनों उसे भोजपुर जंगल में ले गए, जहां ईंट से कुचलकर हिमांशु की हत्या कर दी। इसके बाद शव को जंगल में फेंक दिया गया। घटना के बाद दोनों आरोपी वहां से फरार हो गए। देर रात जब हिमांशु घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसके फोन पर संपर्क किया, लेकिन फोन स्विच ऑफ आ रहा था।

इसके बाद उन्होंने प्रॉपर्टी डीलर जितेंद्र को कॉल करके पूछा तो पता चला कि हिमांशु अपने चाचा के साथ घर के लिए निकल गया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

घर से सामान लेने निकला था युवक, भाई बोला- मुझे फोन आया कि भाई घायल है

अमन लेखनी समाचार

बागपत, जनपद के असारा गांव निवासी बाइक चालक नदीम की किरठल गांव के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। नदीम बाइक पर सवार होकर घर से सामान लेने निकला था। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार, मृतक नदीम की शादी मात्र डेढ़ महीने पहले हुई थी। वह शादी से पहले सऊदी अरब में नौकरी करता था और लगभग चार महीने पहले ही अपने घर लौटा था। परिजनों ने बताया कि नदीम सीधा-साधा लड़का था और घर से सामान लेने के लिए निकला था। घर के लोग उसका इंतजार कर रहे थे, लेकिन अज्ञात वाहन की टक्कर से उसकी जान चली गई। टक्कर मारने के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। मृतक के परिजनों ने पुलिस से शिकायत करते हुए अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक के परिजन सलीम ने बताया कि उन्हें फोन पर कॉल आया था कि उनका भाई गंभीर हालत में सड़क किनारे पड़ा है।

निरोजपुर में छात्र की पिटाई का मामला गरमाया

- परिजन बोले, मिल रहीं जान से मारने की धमकियां; डीएम से न्याय की गुहार

अमन लेखनी समाचार

बागपत, निरोजपुर गुर्जर गांव के छात्र नितिश कुमार ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर मारपीट और लगातार मिल रही धमकियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। नितिश ने आरोप लगाया कि 26 सितंबर 2025 को गांव के मुख्य रास्ते पर रेस करते समय जोनी पुत्र बाबू, तरुण पुत्र केशू, सौरभ पुत्र रामेश्वर और उनके परिवार के कुछ सदस्यों ने बिना किसी कारण उसके साथ मारपीट की। पीड़ित की माता की तहरीर पर बागपत थाने में एफआईआर संख्या 586/2025, धारा 115(2), 109 (1), 351(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। नितिश के अनुसार, इस घटना में उसे गंभीर चोटें आईं, खासकर सिर में गहरी चोट। मेडिकल परीक्षण में दिमाग पर गंभीर चोट की पुष्टि हुई है। नितिश का आरोप है कि एफआईआर दर्ज होने के बाद से ही आरोपी पक्ष उस पर और उसके परिवार पर लगातार मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहा है। उन्हें धमकी दी जा रही है कि यदि कार्रवाई जारी रखी गई तो उन्हें गांव छोड़ना पड़ेगा। इसके अतिरिक्त, नितिश को जान से मारने और उसके करियर को नुकसान पहुंचाने की भी धमकी दी गई है। पीड़ित ने यह भी बताया कि आरोपी उसे अपने परिवार की किसी लड़की के झूठे मुकदमे में फंसाने की बात भी कह रहे हैं। जिलाधिकारी कार्यालय में दिए गए प्रार्थना पत्र में नितिश ने मांग की है कि आरोपियों के विरुद्ध दर्ज एफआईआर की विवेचना शीघ्रता से की जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। पीड़ित ने बताया कि धमकियों के कारण वह भयभीत है और प्रशासन से सुरक्षा तथा न्याय की उम्मीद रखता है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

युवक 7 लाख की ऑनलाइन ठगी का शिकार

गाजियाबाद में मुनाफे का लालच देकर साइबर गैंग ने उड़ाए पैसे

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, एक युवक सात लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गया है। पीड़ित आयुष कुमार सिंह ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उन्हें तेज मुनाफा कमाने का लालच देकर यह धोखाधड़ी की गई। आरोपियों ने अलग-अलग मोबाइल ऐप और यूपीआई आईडी के जरिए उनसे पैसे निवेश करवाए, यह कहकर कि रकम जल्द ही दोगुनी होकर वापस मिल जाएगी। पीड़ित के अनुसार, 7 जुलाई 2025 से 28 अगस्त 2025 के बीच उन्हें लगातार फोन और संदेश आते रहे। उन्हें एक ऐप डाउनलोड करने और अपना बैंक खाता उससे लिंक करने के लिए कहा गया। इसके बाद, उनसे कई किस्तों में रकम भेजने को कहा गया। शुरूआत में थोड़ी राशि भेजने पर उन्हें ऐप में मुनाफा बढ़ता हुआ दिखाया गया, जिससे उनका भरोसा बढ़ गया। कुछ दिनों बाद, उनसे कहा गया कि यदि वे और पैसे निवेश करेंगे, तो उनकी पहले जमा की गई राशि भी दोगुनी होकर वापस मिल जाएगी। इसी लालच में आकर आयुष ने अलग-अलग यूपीआई आईडी पर लगभग 7 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। जब आयुष ने दोबारा ऐप खोलकर पैसे निकालने की कोशिश की, तो ऐप अचानक ब्लॉक हो गया। इसके बाद न तो ऐप खुला और न ही कोई बैलेंस दिखाई दिया। तब उन्हें एहसास हुआ कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है।

आयुष ने यह भी बताया कि इससे पहले 2024 में भी इसी तरह के लोगों ने उन्हें मुनाफा देने का झांसा देकर ठगा था। उस समय भी उनसे कहा गया था कि और पैसे लगाने पर पहले जमा की गई रकम वापस मिल जाएगी, लेकिन जैसे ही उन्होंने पैसे भेजे, उनका खाता ब्लॉक कर दिया गया था। साइबर थाना गाजियाबाद ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है और जांच शुरू कर दी है।

पुलिस का कहना है कि यह मामला किसी बड़े साइबर फ्रॉड गैंग से जुड़ा हो सकता है। तकनीकी जांच के जरिए यह पता लगाया जाएगा कि पैसा किन खातों में गया और इस ठगी में कौन-कौन लोग शामिल हैं।

किसान एकता संघ ने की बैठक

22 नवंबर से पैदल यात्रा, जिला मुख्यालय घेराव की रणनीति की गई तैयार

अमन लेखनी समाचार

ग्रेटर नोएडा, अमरपुर गांव में किसान एकता संघ की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता बाबा अतर सिंह ने की, जबकि संचालन प्रदेश अध्यक्ष पं. प्रमोद शर्मा ने किया। इसमें जिला मुख्यालय के घेराव को लेकर रणनीति तैयार की गई। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष देशराज नागर ने बताया कि प्राधिकरण पर कई बार पंचायत और धरने होने के बावजूद किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने आबादी बैकलीज, 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा और गांवों में सड़क, नाली तथा खड़ंजे जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं के लंबे समय से लंबित होने का जिक्र किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सोरन प्रधान ने घोषणा की कि किसानों की मांगों को लेकर इस बार बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 'किसान अधिकार पैदल यात्रा' 22 नवंबर से जेवर से शुरू होगी, जिसमें हजारों किसान शामिल होंगे। यह यात्रा दनकौर और बिलासपुर होते हुए 25 नवंबर को सूरजपुर स्थित जिला मुख्यालय पहुंचेगी। यहां किसान जिला मुख्यालय का घेराव करेंगे। चौधरी सोरन प्रधान ने स्पष्ट किया कि किसान अपने अधिकार मिलने तक संघर्ष जारी रखेंगे।

तीन मंजिला मकान का लेंटर गिरा

- मलबे में पांच मजदूर दबे, तीन को बाहर निकाला गया; दो की तलाश जारी

अमन लेखनी समाचार

ग्रेटर नोएडा, एक सेटरिंग खोलने के दौरान निमार्णाधीन तीन मंजिला मकान का लेंटर गिर गया। मलबे के नीच पांच मजदूर दब गए। इनमें से तीन को बाहर निकाल लिया गया। वहीं, दो मजदूर अभी लापता हैं, जिनकी तलाश जारी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जेसीबी मशीन की सहायता से तत्काल बचाव कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद तीन मजदूरों को मलबे से सुरक्षित बाहर निकाला गया। तीनों मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तुरंत एम्बुलेंस से नजदीकी अस्पताल भेजा गया। डॉक्टरों के अनुसार, उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। हादसा रबूपुरा थाना क्षेत्र के नगला हुकुम सिंह गांव में हुआ। नगला हुकम सिंह गांव के रहने वाले महावीर का मकान था। तीन मंजिला लेंटर पड़ा हुआ था, जिसकी आज सेटिंग खुल रही थी। इस दौरान अचानक लेंटर गिर गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस के साथ मिलकर राहत कार्यों में सहयोग किया। इस घटना के बाद इलाके में निर्माण कार्य में कथित लापरवाही को लेकर लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। भवन निर्माण से जुड़े ठेकेदार और अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। एसएचओ सुजीत उपाध्याय ने बताया कि अभी भी दो अन्य मजदूरों के मलबे में दबे होने की आशंका है। बचाव अभियान लगातार जारी है और मलबे को हटाया जा रहा है।

किसानों ने अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया

- एडीएम ने समाधान का दिया आश्वासन, गिनाई समस्याएं

अमन लेखनी समाचार

बागपत, विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान किसानों ने अधिकारियों पर समस्याओं के समाधान में लापरवाही का आरोप लगाया। बैठक में बागपत के एडीएम विनीत कुमार उपाध्याय और सीएमओ डॉक्टर तीरथ लाल ने किसानों की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। किसानों की प्रमुख मांगों में बकाया गन्ना भुगतान समय पर करना, आवारा पशुओं को गौशाला में भेजना, खाद की किल्लत न होना, स्मार्ट मीटर योजना को रोकना और विद्युत संबंधी समस्याओं का तुरंत समाधान शामिल था। किसानों ने अधिकारियों से बातचीत के दौरान आरोप लगाया कि अधिकारी उनकी समस्याओं को सुनते तो हैं, लेकिन उनका समाधान समय पर नहीं होता। इससे किसानों को लगातार दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने यह भी बताया कि गन्ना भुगतान न होने के कारण किसान आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। वहीं, अधिकारियों ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक समस्या का समाधान समय पर किया जाएगा। बागपत के एडीएम विनीत कुमार उपाध्याय ने सभी संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के लिए निर्देशित किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी अधिकारी किसानों की समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरते।

संक्षेप

सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल

अमन लेखनी समाचार /शुभम सिंह चौहान

लखनऊ ! बंथरा थाना क्षेत्र के ग्राम बेती में दो वाहनों की आमने-सामने टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्घटना एक छोटा पिकअप वाहन (यू पी 78 सी टी 9574) और एक मोटरसाइकिल के बीच हुई। मोटरसाइकिल सवार युवक की पहचान अमन कुमार, पुत्र राम आसरे, निवासी सादुल्लानगर, के रूप में हुई है। टक्कर में घायल अमन कुमार को तत्काल उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सरोजिनी नगर भेजा गया, जहाँ उनका इलाज जारी है। घटना के संबंध में पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

स्वच्छता कर्मियों को व्यावसायिक सुरक्षा पर किया प्रशिक्षित

पीएसआई इंडिया, एचसीएल फाउंडेशन, जलकल व नगर निगम के सहयोग से हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। नगर निगम के त्रिलोक नाथ हॉल में शुक्रवार को स्वच्छता कर्मियों को व्यावसायिक सुरक्षा पर प्रशिक्षित किया गया। जलकल विभाग व लखनऊ नगर निगम के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और एचसीएल फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित व्यावसायिक सुरक्षा पर प्रशिक्षण में 60 सफाई कर्मचारियों को सुरक्षित कार्य पद्धितयों, आधुनिक मशीनों के उपयोग, सेफ्टी इक्विपमेंट पहनने की अनिवार्यता और जोखिम वाली स्थिति में बचाव के तरीकों पर प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान यह सन्देश दिया गया कि किसी भी स्थिति में मैन्युअल सीवर एंट्री पूरी तरह प्रतिबंधित है सभी कार्य प्रोटेक्टिव गियर, गैस मॉनिटरिंग उपकरण और वैज्ञानिक तरीकों से ही किये जाने चाहिए

प्रशिक्षण के दौरान स्वच्छता कर्मचारियों को आकस्मिक स्थिति में क्या करना चाहिए इस विषय पर भी जानकारी दी गयी क इमरजेंसी स्थिति में सीपीआर के बारे में भी सिखाया गया क प्रशिक्षण के दौरान स्वच्छता कर्मियों को मास्क, हेलमेट, ग्लव्स, गम बूट जैसी सेफ्टी इक्विपमेंट के इस्तेमाल करने के बारे में प्रेरित किया गया क इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया कि भविष्य में सीवर से जुड़े सभी कार्य सुरक्षित, व्यवस्थित और मशीन आधारित तरीकों से ही किये जाएं

प्रशिक्षण का उद्घाटन अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, कुलदीप सिंह-महाप्रबंधक, जलकल विभाग, लखनऊ नगर निगम व डॉ. पी. के. श्रीवास्तव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा किया गया क इस मौके पर अपर नगर आयुक्त ने कहा कि सफाई कर्मचारियों को खतरनाक सामान संभालने और छोटी जगहों पर काम करने में कितना जोखिम होता है, कई बार खतरनाक गैस भी सीवर लाइन में होती हैं, जो जानलेवा भी हो सकती हैं। उन्होंने सेफ्टी प्रोटोकॉल फॉलो करने और हर समय सावधानी बरतने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने सफाई कर्मचारियों के लिए इस आयोजन के लिए पीएसआई इंडिया के प्रयासों की सराहना की।

महाप्रबंधक जलकल, लखनऊ नगर निगम कुलदीप सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि हर समय बिना किसी समझौते के सेफ्टी इक्विपमेंट इस्तेमाल करने चाहिए और किसी को भी किसी भी कीमत पर सीवरलाइन में नहीं उतरना चाहिए। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी. के. श्रीवास्तव ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य हम सभी के लिए सबसे जरूरी है, लेकिन सफाई कर्मचारियों को अपने काम की वजह से कई तरह की बीमारियाँ होने का खतरा रहता है। इसलिए उन्होंने सफाई कर्मचारियों को नियमित हेल्थ स्क्रीनिंग करवाने की सलाह दी। पीएसआई इंडिया के जनरल मैनेजर दिनेश कुमार पांडे ने नगर निगम को पीएसआई इंडिया और एचसीएल फाउंडेशन को लखनऊ में स्वच्छ उदय प्रोजेक्ट के संचालन में सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने सफाई कर्मचारियों के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण आयोजित करने का भरोसा दिया।

ज्ञात हो कि पीएसआई इंडिया और एचसीएल फाउंडेशन नगर निगम के सहयोग से लखनऊ के 26 वार्डों में 'स्वच्छ उदय' कार्यक्रम चला रहे हैं। इसके तहत मोहल्लों में साफ-सफाई, पानी का सही रखरखाव और कूड़ा पृथक्करण पर समुदाय में लोगो को जागरूक किया जा रहा है, ताकि लोग बीमारियों से सुरक्षित रहें। इसके लिए मोहल्ला स्वच्छता समितियों का गठन किया गया है। समुदायों में महिला आरोग्य समितियों को सक्रिय किया गया है। पीएसआई इंडिया समुदाय में वाश से संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर एवं सेवाओं में सुधार के लिए लखनऊ नगर निगम द्वारा संचालित लखनऊ-वन ऐप और टोल फ्री नंबर 1533 को भी प्रमोट कर रही है।

गंदगी और अकर्मण्यता का संगम है नसीराबाद टाउन

अमन लेखनी समाचार

नसीराबाद, रायबरेली। नगर पंचायत का दर्जा प्राप्त करने के बाद नसीराबाद में नागरिकों को बेहतर जलापूर्ति, साफ सफाई, सड़कों और स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का जो दौर शुरू हुआ, कुछ समय बाद उसका स्थान जिम्मेदारों की अकर्मण्यता और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण ठप हो गया। नगर पंचायत की सीमा में प्रवेश करते ही सड़कों के किनारे बड़े-बड़े कूड़े के ढेर और इसकी बदबू यहां आने वालों का स्वागत करती है। नगर पंचायत का दर्जा प्राप्त करने के लगभग 07 साल बाद भी यहां कूड़े के समुचित निस्तारण की कोई व्यवस्था नहीं है। उसे कभी सड़कों के किनारे गड्ढों में, कभी कस्बे के अंदर ही तालाबों में डाल दिया जाता है। जिससे हमेशा दुर्गंध निकलती रहती है और संक्रामक रोगों का खतरा बना रहता है। जायस सलोन रोड के किनारे नगर पंचायत की सीमा के बाहर ग्राम पंचायत नसीराबाद देहातक्षेत्र, नसीराबाद राजापुर संपर्क मार्ग के किनारे और लाला की बाजार में आबादी के अंदर अशरफ पुर रोड के किनारे तालाबनुमा गड्ढे में लगातार कूड़ा डाला जा रहा है। जिससे नागरिकों और आगंतुकों के स्वास्थ्य के लिए खतरा बना रहता है। पेयजल के ऊपर करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद कई वार्डों के नागरिकों को स्वच्छ और शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। काफी समय से गुड़ खेत मोहल्ले की टंकी से खारा पानी आने और शिवनगर मोहल्ले के मऊ मोड़ पर स्थित आरओ प्लांट की खराबी दूर करने के विषय में नगर पंचायत कोई कदम नहीं उठा पाई है। दायित्वों के प्रति उदासीनता और अकर्मण्यता का इससे बड़ा उदाहरण शायद ही कहीं मिले। पिछले वित्तीय सत्र में ही उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास विभाग ने कस्बे की जल समस्या के समाधान के लिए रुपए 2 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की थी लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है।

दबंगों ने दलित भाजपा नेता /बूथ अध्यक्ष पर किया हमला

एक हफ्ते के अंदर दो बार दिया दबंगों ने घटना को अंजाम

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद, हरदोई थाना क्षेत्र के ग्राम बिजगमा निवासी राम लड़ाईते पुत्र रग्घू जो दलित समाज से धोबी बिरादरी के हैं उन्होंने बताया कि दिनांक 7 नवंबर 2025 की शाम को प्रार्थी अपने घर के बाहर था उसी समय दरवाजे पर विपक्षी रामविलास पुत्र भगवान दीन जदुवीर पुत्र रामविलास निवासी ग्राम उपरोक्त ने शराब के नशे में जाती सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज किया जिसका पीड़ित के द्वारा विरोध किया गया जिस पर दबंगों ने बांके से प्रहार किया जिससे पीड़ित के शर में चोट आई एवं गले पर भी व शरीर के अन्य हिस्सों में चोटों के निशान आए पीड़ित ने थाने पर तहरीर दी जिसमें बताया गया कि पुलिस ने मारपीट व गाली गलौज एवं जान से मार देने की धमकी में मुकदमा अपराध संख्या 376/2025 धारा 115(2) 352 351(३) 8 नवंबर 2025 को दर्ज किया लेकिन उसके बाद दबंगों ने दूसरी घटना को दिनांक 11 नवंबर 2025 को शाम को जब पीड़ित अपने खेतों की तरफ से आ रहा था पुनः उपरोक्त पिता पुत्रों ने प्रार्थी को घेर कर गाली गलौज एवं जान से मार देने की धमकी दी जिसकी पीड़ित ने थाने पर सूचना दी एवं 12 नवंबर को पुलिस अधीक्षक हरदोई जिला अधिकारी हरदोई पुलिस महानिदेशक लखनऊ एवं मुख्यमंत्री सहित कई ऑनलाइन प्रार्थना पत्र दिए पीड़ित का आरोप है कि प्रार्थी भारतीय जनता पार्टी का बूथ अध्यक्ष है एवं सक्रिय कार्यकर्ता भी है इसके बावजूद पुलिस ने मेरी तहरीर बदलवा दी थी और हल्की धाराओं में मुकदमा लिखने का काम किया है पीड़ित काफी भयभीत है एवं उस व उसके परिवार वालों का घर से निकलना दूबर है पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक एवं जिलाधिकारी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से न्याय की गुहार लगाई और कहा दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

युवा शक्ति को सहकारिता से जोड़कर प्रदेश में रोजगार सृजन हुआ तेज – डॉ. प्रवीण सिंह जादौन

अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अंतर्गत पीलीभीत में 'सहकारी संवाद' का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

पीलीभीत ! अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर आज सहकार भारती, पीलीभीत के तत्वावधान में जिला पंचायत सभागार में एकदिवसीय ह्यसहकारी संवादह्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद की विभिन्न सहकारी समितियों, कृषि क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूहों, महिला उद्यमियों तथा युवाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहकार भारती उत्तर प्रदेश के निवर्तमान प्रदेश महामंत्री एवं उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ के निदेशक डॉ. प्रवीण सिंह जादौन रहे। मुख्य अतिथि का स्वागत उपरांत कार्यक्रम का शुभारंभ सहकारिता आंदोलन की भावना और उसके सामाजिक-आर्थिक महत्व पर परिचर्चा के साथ हुआ। अपने संबोधन में डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने कहा कि सहकारिता मॉडल देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार किसानों, युवाओं और महिलाओं के आर्थिक उत्थान हेतु सहकारिता के माध्यम से कई महत्त्वपूर्ण योजनाएँ संचालित कर रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सहकारिता केवल कृषि उत्पादन तक सीमित न रहकर प्रसंस्करण, विपणन, डेयरी, कृषि यंत्र सेवा केंद्र तथा मल्टीपरपज समितियों के रूप में रोजगार और आजीविका के नए अवसर उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि सहकारी संस्थाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने तथा पी ए सी एस के डिजिटलीकरण पर सरकार विशेष बल दे रही है। डॉ. जादौन ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता किसानों एवं युवाओं की आर्थिक प्रगति है, जिसके अनुरूप सहकारिता मंत्री श्री जे.पी.एस. राठौड़ के नेतृत्व में सहकारिता क्षेत्र में कई सकारात्मक पहलें लागू की जा रही हैं। इन पहलों में सहकारी समितियों का आधुनिकीकरण, नए सहकारी उद्यमों की स्थापना तथा ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगारोन्मुखी अवसर सृजित करना शामिल है। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में डेयरी, कृषि आधारित उद्योगों, खाद-बीज वितरण, प्रसंस्करण इकाइयों और कृषि मशीनरी बैंक जैसी व्यवस्थाओं के जरिए युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। जिलाधिकारी पीलीभीत ज्ञानेन्द्र सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सहकारिता ग्रामीण विकास का मूल आधार है। यदि सहकारी संस्थाएँ पारदर्शिता और दक्षता के साथ कार्य करें, तो किसानों की आय बढ़ाने तथा युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है।उन्होंने सहकारी समितियों को शासन की योजनाओं से अधिकतम लाभ दिलाने तथा किसानों के लिए समयबद्ध सेवाएँ सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि सहायक आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता, पीलीभीत डॉ. प्रदीप सिंह, ने कहा कि जिले में सहकारी संस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए विभाग द्वारा लगातार सुधारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं। समितियों के आधुनिकीकरण, लेखा-व्यवस्था में पारदर्शिता और सदस्यता विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।उन्होंने आगे कहा कि सहकारिता के माध्यम से कृषि इनपुट, ऋण सुविधा, विपणन और प्रसंस्करण जैसी सेवाओं को बेहतर बनाना विभाग की प्राथमिकता है। कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न सहकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने क्षेत्र में सहकारिता के विस्तार तथा इसकी उपयोगिता पर अपने विचार व्यक्त किए। सभी प्रतिभागियों ने सहकारिता को जन-आधारित विकास मॉडल के रूप में आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में सहकार भारती उत्तर प्रदेश के प्रदेश मंत्री ओमवीर सिंह, बरेली मण्डल के विभाग संयोजक दिग्विजय सिंह, जनपद अध्यक्ष मुनेंद्र पाल, सागर, जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, सहकारी समिति सीकरहना के अध्यक्ष रामनिवास पांडे, दूधिया खुर्द के अध्यक्ष विमलेश पांडे, घुंघचाई की अध्यक्ष माया देवी, पिपरिया दुलाई के अध्यक्ष सतविंदर सिंह, माधोटांडा के अध्यक्ष संतोष सिंह, महादेवा माटी के अध्यक्ष लाल मिश्रा, जोगराजपुर के अध्यक्ष योगेश श्रीवास्तव, कबीरगंज के अध्यक्ष जगजीवन सिंह, शाहगढ़ के अध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा,जिला महामंत्री शेर सिंह, जिला मंत्री दिनेश सिंह राठौर, महेंद्र मौर्य, मोहन स्वरूप गंगवार, जिला सह विधि प्रमुख नाथूलाल पांडे, जिला सायुंक्त विधि प्रमुख संतोष सिंह, जिला संगठन प्रमुख पंकज सिंह, वीझपैकेज प्रमुख विकास सिंह, जिलेन्दर सिंह, रामू सिंह, हरिओम गंगवार, उमाशंकर कोहली, नगर अध्यक्ष पूरनपुर डॉ. रामगोपाल, नगर महामंत्री मुनेंद्र सिंह, नगर अध्यक्ष पीलीभीत धनपाल गंगवार, जिला मंत्री नवनीत शर्मा, जिला विधि सह प्रमुख हरिनंदन, नगर अध्यक्ष आचार्य धर्म प्रकाश बौद्ध, छत्रपाल मौर्य, मनोज शर्मा, जिला महिला प्रमुख संगीता सिंघल, नवनीत मिश्रा, सुखविंदर सिंह, विष्णु प्रताप सिंह,नवीन अग्रवाल, अनिल कुमार शुक्ला, राजेन्द्र धवन, तुषार अग्रवाल एवं राजेश दुबे सहित अनेक पदाधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सहकार भारती के जिला संगठन प्रमुख संतोष सिंह ने किया।

हिन्द की चादर श्रीगुरु तेग बहादुर जी जिन्होंने धर्म के लिए शीश कटवाया, किन्तु शीश नहीं झुकाया- प्रान्त प्रचारक कौशल जी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ! श्रीगुरु तेग बहादुर साहिब जी महाराज के 350वें शहीदी शताब्दी के अवसर पर भारती भवन,संघ कार्यालय में श्री गुरु तेग बहादर साहिब सेवा समिति द्वारा गुरु ग्रन्थ साहिब की स्थापना की गयी। बलिदान दिवस के अवसर पर आयोजित सत्संग शब्द कीर्तन कार्यक्रम में बोलते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रचारक कौशल जी ने कहा कि, श्रीगुरु तेग बहादुर साहिब जी महाराज एकमात्र ऐसे संत-योद्धा हैं जिन्होंने अपने ही नहीं अपितु दूसरों के धर्म की रक्षा हेतु अपना शीश दे दिया। सन-1675 का वह समय था जब मुगल बादशाह औरंगजेब ने पूरे हिन्दुस्तान में जबरन इस्लाम कबूल कराने का भयानक अभियान चला रखा था। कश्मीरी पण्डित सबसे ज्यादा संकट में थे। मंदिर तोड़े जा रहे थे, जजिया कर थोपा जा रहा था। विरोध करने वालों को मृत्युदण्ड दे दिया जाता था। अंत में कश्मीर के 500 ब्राह्मणों का एक दल अपने धर्म की रक्षा की गुहार लेकर आनंदपुर साहिब पहुंचा। उस समय गुरु जी अपने पुत्र,बाल गोबिंद राय जो बाद में गुरु गोबिंद सिंह जी कहलाए उनके साथ थे। जब गोबिंद राय ने पूछा कि इनकी रक्षा कौन कर सकता है, तो गुरु जी ने शांत स्वर में कहा " छकेवल कोई महान संत ही ऐसा कर सकता है।" बालक ने तुरंत कहा, "पिता जी, आपसे बड़ा संत और कौन है?" बस यही एक वाक्य था। गुरु तेग बहादुर जी ने तुरंत फैसला ले लिया। वे अपने पंच प्यारे सिखों - भाई मतिदास, भाई सतिदास, भाई दयाला, भाई गुरबख्श और भाई उद्धा के साथ दिल्ली की ओर चल पड़े। उन्हें पहले आगरा फिर दिल्ली लाया गया और चांदनी चौक की कोतवाली में कैद कर लिया गया। औरंगजेब ने तीन विकल्प दिए- इस्लाम कबूल करो चमत्कार दिखाओ या मृत्यु स्वीकार करो। गुरु जी ने मुस्कुराते हुए कहा, 'न मैं चमत्कार दिखाऊँगा, न धर्म बदलूंगा। मैं मृत्यु चुनता हूँ।' इसके बाद जो क्रूरता हुई, वह मानवता को शर्मसार करने वाली थी। भाई मतिदास को जीते-जी आरे से चीर दिया गया,भाई दयाला को उबलते तेल के कड़ाह में डाल दिया गया,भाई सतिदास को रुई लपेट कर जिंदा जला दिया गया। इन सबको देखकर भी गुरु जी का चेहरा शांत रहा। 24 नवम्बर 1675 को चांदनी चौक में जहाँ आज गुरुद्वारा शीश गंज साहिब है वहीं गुरु तेग बहादुर जी को शहीद कर दिया गया। उनका सिर काटकर अलग कर दिया गया। किन्तु यह बलिदान व्यर्थ नहीं गया। जबरन इस्लाम कबूल कराने का भयानक अभियान चलाया जा रहा था वो अभियान रुक गया। लाखों हिन्दुओं का धर्मांन्तरण होने से बच गया। यही कारण है कि गुरु जी को 'हिन्द दी चादर' कहा जाता है। गुरु गोबिंद सिंह जी ने उनके बलिदान और बहादुरी के लिए लिखाः 'तिलक जंजू राखा प्रभ ताका, कीनो बड़ो कलू महि साका।' आज जब देश फिर से अपनी संस्कृति और स्वाभिमान की बात कर रहा है, गुरु तेग बहादुर जी का संदेश गूंज रहा है - 'सिर दिया, पर सिर नहीं झुकाया।' प्रान्त प्रचारक कौशल जी गुरु ग्रन्थ साहिब को अपने शीश पर उठाकर गुरु स्थान तक ले गए।कार्यक्रम के आयोजक श्री गुरु तेग बहादर साहिब सेवा समिति द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन पर आधारित संक्षिप्त इतिहास परिचय पत्रक वितरण एवं विशाल लंगर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अयोध्या से पधारे संत बावन मंदिर पीठाधीश्वर पूज्य महंत वैदेही बल्लभशरण जी महाराज, रविदास मन्दिर के महन्त ब्रह्मचारी जी एंव महंत निराला दास जी महाराज, रामजानकी धोबी मंदिर के महन्त क्षत्तरदास जी महाराज, विभीषण कुंड मन्दिर के महंत रविदास जी, महन्त मनीष दास जी, महन्त संजीव दास जी, रमैया बाबा मन्दिर के महन्त रविशंकर शरण जी, किराड़ मन्दिर के महन्त हरिमोहन शरण जी, साकेत भवन अयोध्या के महन्त साकेत जी, बधाई भवन के महन्त राजीव लोचन शरण जी, मुकेश शर्मा एमएलसी, डॉ. श्रवण बघेल (ओएसडी, मुख्यमंत्री),सिक्खी मेरी पहचान के अध्यक्ष दिलप्रीत सिंह विर्क प्रधान भाई लालो जी गुरुद्वारा, शिव शांति संत आश्रम के साईं हरीश लाल जी, महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव, कल्याण सिंह कैंसर संस्थान के निदेशक, डॉ. एम एल भट्ट, प्रांत संघचालक सरदार स्वर्ण सिंह, प्रांत प्रचारक कौशल जी, राम जी भाई, मनोज कांत जी, अशोक केडिया जी,संयोगिता सिंह चौहान जी , पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया जी, अहियागंज गुरुद्वारा के अध्यक्ष डॉ. गुरमीत सिंह, नाका गुरुद्वारा के अध्यक्ष डॉ. अमरजोत सिंह,आलमबाग गुरुद्वारा के अध्यक्ष निर्मल सिंह,आलमबाग गुरुद्वारा के सचिव हरपाल सिंह गोल्डी, लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष हरपाल सिंह जग्गी, सदर गुरुद्वारा के अध्यक्ष तेजपाल सिंह जी, सिंगार नगर गुरुद्वारा के अध्यक्ष बलजीत सिंह टोनी जी, नाका गुरुद्वारा के सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी, उन्नाव से गुरुशरण सिंह जी, इंद्रा नगर गुरुद्वारा के अध्यक्ष हरपाल सिंह जी, पंजाबी एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल विरमानी जी, अपर महाधिवक्ता विमल श्रीवास्तव जी उपस्थित रहे।

अवैध वाहनों का चालान प्रवर्तन टीम द्वारा किया जाए -आयुक्त

बस्ती / मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में शांति एवं कानून व्यवस्था के संबंध में आयुक्त सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए मण्डलायुक्त ने कहा कि माह नवम्बर 2025 यातायात माह के रूप में मनाया जा रहा है। अवैध वाहनों का चालान प्रवर्तन टीम द्वारा किया जाय तथा जनजागरूकता अभियान चलाकर लोगों को यातायात के नियमों के अनुपालन हेतु जागरूक भी किया जाय। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण किये जाने के साथ ही अपराध से पीड़ित महिलाओं को शासन के निदेर्शानुसार रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष से सहायता भी प्रदान किया जाय। पुलिस महानिरीक्षक संजीव त्यागी ने बताया कि इस वर्ष में मण्डल में अभी तक गैंगेस्टर का कोई प्रकरण नहीं है।

रोमियो बताकर ग्रामीणों ने दो युवकों के जबरन काटे बाल,सर पर बनाया चौराहा

–दोनो के ऊपर माधौगंज थाने में पहले ही दरोगा ने दर्ज की थी एफआईआर

अमन लेखनी समाचार

हरदोई जिले के माधौगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में दो युवकों के साथ अमानवीय हरकत हुई है।गांव के कुछ ग्रामीणों ने दोनों युवकों को रोमियो बताकर रोक लिया और उनसे बेरहमी से पेश आते हुए न सिर्फ उनके बाल जबरन काट दिए बल्कि सिर पर चौराहा भी बना दिया और पिटायी कर दी।इन हरकतों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।इस मामले में एक मुकदमा दर्ज किया गया है और 5 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

माधौगंज थाना क्षेत्र के भैसीमऊ गांव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमे दो युवकों के साथ मारपीट की जा रही है और उनके सर के बाल काटे जा रहे साथ ही चौराहा भी बनाया जा रहा है।इसमें ग्रामीणों के साथ ही खाखी वर्दी धारी द्वारा भी पीटा गया है।बताया जा रहा है कि भैंसीमऊ गांव की युवती बाजार आई थी। वह ई-रिक्शा से गांव लौट रही थी इसी दौरान मंगरौली गांव के दोनों युवक बाइक से ई-रिक्शा के पीछे लग गए जिसकी सूचना युवती ने मोबाइल से परिवार वालों को दे दी।जैसे ही युवक गांव पहुंचे पहले से ही इंतजार कर रहे युवती के परिवार वालों ने दोनों को पकड़ लिया।पहले दोनों की जमकर डंडे और लात-घूंसों से पिटाई की।जबरन बाल काट दिए और सर पर चौराहा बना दिया इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।इस मामले पर एसपी अशोक कुमार मीणा ने बताया कि यह वीडियो 17 नवम्बर का है जहां माधौगंज थाने में दरोगा शुभम ने एक एफआईआर दर्ज कराई थी जिसमे बताया था कि सड़क पर आने जाने वाली महिलाओं पर अश्लील फब्तियां कसने के मामले में संजय और रवि निवासी मंगरौली थाना बिलग्राम पर एफआईआर दर्ज हुई थी।अब जब इस तरह का वीडियो वायरल हुआ है तो मामले में पुलिस ने कार्यवाई शुरू की है और 5 लोगों को हिरासत में लेकर कार्यवाई की जा रही

ज्योति कलश रथ यात्रा का हरदोई में भव्य स्वागत

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। शांतिकुंज, हरिद्वार से निकली ज्योति कलश रथ यात्रा दो दर्जन से अधिक जनपदों से होती हुई शुक्रवार को हरदोई जनपद पहुंची, जहां जगह-जगह यात्रा का उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। आध्यात्मिक जागरण और संस्कार निर्माण के संदेश के साथ आगे बढ़ रही इस यात्रा ने स्थानीय लोगों में खासा उत्साह पैदा किया।

रथ यात्रा के टोली नायक समर बहादुर सिंह ने रानी लक्ष्मीबाई, मीराबाई, शहीद भगत सिंह सहित अनेक देशभक्तों के जीवन मूल्यों और प्रेरणादायक प्रसंगों को उपस्थित लोगों से साझा किया। वहीं सूर्यांश और शंभू जी ने यात्रा के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बच्चों और बड़ों को प्रतिदिन गायत्री मंत्र का जाप कर सकारात्मकता व संस्कारों को जीवन में उतारना चाहिए। यात्रा श्री डालसिंह मेमोरियल स्कूल पहुंची, जहां प्रबंधक मुकेश सिंह, प्रधानाचार्य लक्ष्मी देवी, भूमिका सिंह, विनीता त्रिवेदी, आरती वर्मा, प्रज्ञा द्विवेदी, कविता गुप्ता, कोमल यादव, सोनम शुक्ला, नीलम देवी, स्वाती अवस्थी, पूजा चंदेल, रामप्रकाश पांडेय, आयुष यादव और अभिनव सिंह सहित विद्यालय के बड़ी संख्या में बच्चे व अभिभावक उपस्थित रहे। सभी ने ज्योति कलश रथ यात्रा का स्वागत करते हुए इसके संदेशों को सार्थक और प्रेरणादायी बताया।

मतदाता एक ही मतदेय स्थल के लिए गणना प्रपत्र भरकर जमा करें:एडीएम

एक से अधिक मतदेय स्थल के लिए गणना प्रपत्र भरने पर होगी कार्यवाही: –प्रफुल्ल त्रिपाठी

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। अपर जिलाधिकारी न्यायिक/उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी ने जनपदवासियों को सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अर्हता 01.01. 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के प्रगाढ़ पुरीक्षण की कार्यवाही की जा रही है, जिसमें बूथ लेबल अधिकारी द्वारा घर-घर जाकर मतदाता को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराते हुए संबंधित मतदाताओं से भरे हुये गणना प्रपत्र प्राप्त किये जा रहे है। उन्होने बताया कि ऐसे मतदाता जिनका नाम विधानसभी निर्वाचक नामावली 2025 में एक से अधिक मतदेय स्थल अथवा निर्वाचन क्षेत्र में अंकित है, वह मतदाता एक ही स्थान पर अपना गणना प्रपत्र भरकर बूथ लेबल अधिकारी को उपलब्ध करायें और यदि उनके द्वारा दोनों मतदेय स्थल या विधानसभा क्षेत्र में गणना प्रपत्र भरकर बीएलबो को जमा किया जाता है और यह सिद्व हो जाता है कि उक्त मतदाता द्वारा दो जगह गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ क पास जमा किया है, तो उसके विरूद्व लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धाराओं के तहत कार्यवाही की जायेगी, जिसमें मतदाता को एक वर्ष कारावास या जुर्मान या दोनों से दण्डित किया जायेगा, जिसके लिए उक्त मतदाता स्वयं जिम्मेदार होगा।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक–
श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक –
रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com

स्पेशलः वर्ल्ड एन्वॉयर्नमेंट प्रोटेक्शन-डे, 26 नवंबर

बच्चो, हमें स्वस्थ रहने के लिए हमारे पर्यावरण का स्वच्छ रहना बहुत जरूरी है। पर्यावरण यानी एन्वॉयर्नमेंट को प्रोटेक्ट करने के लिए सिर्फ बड़े ही नहीं बच्चे भी प्रयास कर सकते हैं। बच्चे कुछ सावधानियां बरतकर, कुछ छोटे-छोटे काम करके एन्वॉयर्नमेंट प्रोटेक्शन में कैसे अपना योगदान दे सकते हैं, जानो।

छोटे-छोटे प्रयासों से बनो एन्वॉयर्नमेंट वॉरियर

अवेयरनेस
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, आज दुनियाभर में बड़ों की सबसे बड़ी चिंता है, तुम्हारे लिए यानी नई पीढ़ी के लिए धरती को हरा-भरा रखने की। पानी बचाने के साथ ही साफ-सफाई और हवा को शुद्ध रखने के लिए भी दुनिया के हर कोने में लोग चिंतित हैं। 'वर्ल्ड एन्वॉयर्नमेंट प्रोटेक्शन-डे' इस फ्रंट पर अवेयरनेस लाने का दिन है। बच्चो, पर्यावरण को सहेजने की इस मुहिम में तुम भी अपनी भागीदारी निभा सकते हो। बहुत से छोटे-छोटे काम करते हुए एन्वॉयर्नमेंट को प्रोटेक्ट करने वाले वॉरियर बन सकते हो।

अपनाओ ईको-कॉन्शस हैबिट्सः बच्चो, ईको-कॉन्शस हैबिट्स पर्यावरण सहेजने से जुड़ी अवेयरनेस वाली आदतें होती हैं। ऐसी आदतें अपनाकर अपनी लाइफस्टाइल को कुछ यूं ढाल लिया जाता है कि हवा, पानी, मिट्टी पर नकारात्मक असर ना हो। अच्छी बात यह है कि इसके लिए अपने डेली रुटीन में कोई बड़ा बदलाव करने की जरूरत नहीं होती। छोटे-छोटे कदम उठाते हुए भी एन्वॉयर्नमेंट प्रोटेक्शन में अपनी भागीदारी निभाई जा सकती है। जैसे अपनी सोसाइटी या कॉलोनी में ईको ग्रुप बनाकर आस-पास पेड़-पौधे लगाना, बाहर नहीं तो घर में ही एक प्लांट की देखभाल करना, कचरा ना फैलाना, खाना जूठा ना छोड़ना, पानी बचाना आदि। ईको कॉन्शस हैबिट्स सीधे-सीधे हवा, पानी और मिट्टी को सहेजने और साफ रखने से जुड़ी हैं। इनसे ही तो हमारा पर्यावरण बना है।

कचरा घटाओ-ऊर्जा बचाओः बच्चो, वर्ल्ड एन्वॉयर्नमेंट प्रोटेक्शन-डे पर कचरा घटाने और ऊर्जा बचाने पर विशेष बल दिया जाता है। कचरा कम करना यानी कि स्वच्छ परिवेश और रिसोर्सेज का किफायती इस्तेमाल। वहीं ऊर्जा बचाना यानी बिजली, गैस या ऑयल का सोच-समझकर उपयोग करना। इसके लिए जब इस्तेमाल ना हो रहे हों तो लाइट, पंखे, टीवी और अपने इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेस को ऑफ करना ना भूलो। बच्चो, किसी भी तरह की एनर्जी प्रोडक्शन के लिए नेचुरल रिसोर्सेज ही यूज किए जाते हैं।

अपनाओ 'थ्री आर' रूलः बच्चो, पढ़ाई-लिखाई के साथ ही अपने आर्ट एंड क्राफ्ट को भी ईको फ्रेंडली बनाओ। पुराने पेपर्स के साथ भी अपनी कलाकारी दिखाओ। अपनी आर्ट बुक का कोई पेज खराब ना होने दो। इसके लिए 'थ्री आर' रूल अपनाओ। थ्री आर यानी-रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकिल। मतलब, कागज का कम इस्तेमाल, जितना संभव हो पेपर को दोबारा किसी न किसी काम में लेना और यहां-यहां फेंकने के बजाय इन्हें उचित ढंग से रिसाइकिल करने के लिए भेजना। ऐसा करने से हमारे आस-पास साफ-सफाई रहेगी और प्रदूषण कम होगा। साथ ही धरती की हरियाली भी कायम रहेगी।

चुनो ईको फ्रेंडली सवारीः गाड़ियों से निकलने वाला गरम जहरीला धुआं। डीजल, पेट्रोल, गैस की बढ़ती खपत और इन गाड़ियों से निकलने वाला शोर पर्यावरण को बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। बच्चो, यह कितना अजीब है न कि सुबह-शाम पार्क में दौड़ लगाने वाले लोग थोड़ी दूर भी पैदल नहीं चलते। आस-पास जाने के लिए भी गाड़ी का इस्तेमाल करते हैं। तुम तो अभी से ही हेल्थ और एन्वॉयर्नमेंट बिगाड़ने वाली इस आदत से दूर रहो। यूं भी तुम्हारे लिए तो साइकिल सबसे प्यारी सवारी है। आस-पास की किसी शॉप, फ्रेंड के घर, स्कूल या पार्क में खेलने साइकिल से जाओ। साइकिल चलाने से ना तो प्रदूषण होता है और न ही इसमें कोई फ्यूल यूज होता है। साइकिल से तो नॉइज पॉल्यूशन भी नहीं होता। हमारे लिए ईको फ्रेंडली सवारी का चुनाव हर तरह से अच्छा ही होता है। आज के समय में तो साइक्लिंग फिटनेस की एक जरूरी एक्टिविटी भी है। साइक्लिंग के अलावा, पैदल चलना, लिफ्ट के बजाय सीढ़ी चढ़ना जैसी आदतें भी नेचर को बचाने में मददगार बनती हैं। *

कविता / डॉ. करुणा पांडेय

पर्यावरण

आओ बच्चो प्यारे बच्चो!
पर्यावरण को साफ बनाएं।
हर जन को जाग्रत कर दें,
पॉलीथीन को दूर भगाएं।।
नदी ताल और नालों में,
मच्छर कभी पनप न पाएं।
बंजर भू में मेहनत करके,
नए पौध की रेल उगाएं।।
गमलों में बोनसाई बोकर,
बंगला फ्लैट सभी सजाएं।
जल और वायु जीवन अपना,
हर जन तक संदेश पहुंचाएं।।
खूब उगाकर पेड़ जहां में,
मौसम का संतुलन बनाएं।
करें दोस्ती प्रकृति से फिर
पर्यावरण सुंदर बनाएं।।

मम्मी जब नोटबुक के बचे पेजों को इस्तेमाल करने लगीं तो ऋषभ ने उन्हें नई नोटबुक देनी चाही, लेकिन मम्मी ने लेने से मना कर दिया। इसके पीछे उन्होंने जो वजह बताई, सुनकर ऋषभ चौंका। मम्मी ने जो बताया, बच्चो इसकी जानकारी तुम्हें भी होनी चाहिए।

पेड़ और कागज

नॉलेज टॉक
पूजा भारद्वाज

मम्मी आप मेरी पुरानी नोटबुक में कहानी क्यों लिख रही हैं? मैं दूसरी ले आता हूं, मेरे पास रखी हैं नई नोटबुक्स।' आठ साल का ऋषभ अपनी मम्मी को पुरानी नोटबुक में लिखते देखकर बोला।

'नहीं बेटा, मुझे नई नोटबुक नहीं चाहिए। इसी में लिखूंगी मैं।' मम्मी ने नई नोटबुक लेने से इंकार कर दिया। 'लेकिन मम्मी यह तो भरी हुई है।' ऋषभ बोला। 'भरी कहां है? पूरे ग्यारह पेज खाली हैं इसमें। इतने बहुत हैं मेरे लिए।' मम्मी ने नोटबुक के खाली पन्ने दिखाए। ऋषभ बोला, 'लेकिन मम्मी वो बीच-बीच में छोड़े गए पेज हैं।' 'हां तो क्या हुआ, हैं तो पेज ही। लिखने के काम ही आने हैं।' कहकर मम्मी हंसीं। 'लेकिन मम्मी आप ऐसे बचे हुए पन्नों पर क्यों लिख रही हैं?' ऋषभ ने पूछा। 'कुछ पेड़ बचाने के लिए।' मम्मी ने तुरंत जवाब दिया। मम्मी की इस बात पर ऋषभ चौंका, 'पेड़.. वो कैसे बचेंगे?' मम्मी ने नोटबुक एक ओर रखकर उसे अपने पास बैठाया और प्यार से बोलीं, 'तुम्हें मालूम है ये पेज किससे बनते हैं?' ऋषभ ने ना में सिर हिला दिया। 'यह बनते हैं लुगदी से, और लुगदी बनाई जाती है पेड़ की छाल से। कागज का निर्माण पूरी तरह से पेड़-पौधों पर निर्भर होता है, क्योंकि कागज बनाने के लिए कच्चे माल हेतु लकड़ी की लुगदी, कपड़े का टुकड़ा, गेंहू की पुआल या भूसे का प्रयोग किया जाता है।' मम्मी ने पूरी जानकारी दी।

'परंतु पेड़ से ही क्यों बनाते हैं कागज?' ऋषभ ने उत्सुकता से पूछा। 'क्योंकि कागज बनता है सेल्यूलोज से। यह एक चिपचिपा पदार्थ होता है, जो पेड़ की लकड़ी में पाया जाता है।' मम्मी ने जानकारी दी।

'अच्छा..!' ऋषभ को बात समझ में आ रही थी। मम्मी ने आगे भी बताया, 'और हां, कागज सभी पेड़ों से नहीं बनता है। इसे बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले पेड़ हैं-चीड़, मैपल, ओक, सनोबर, बुर्ज, हेमलोक और लार्च आदि। क्योंकि इनकी लकड़ी में सेल्यूलोज अच्छी मात्रा में होता है। एक पेड़ से लगभग 8333 पेज बनते हैं। इस तरह केवल कागज के लिए हर साल दुनिया में चार से आठ अरब पेड़ काटे जाते हैं यानी, हर दिन अमूमन अस्सी हजार पेड़ कटते हैं, तुम्हारी इन कॉपी-किताबों को बनाने के लिए। इसलिए हमें कभी भी कागज को बर्बाद नहीं करना चाहिए। इसका जितना हो सके उतना अधिकतम उपयोग करके ही रद्दी में डालना चाहिए और यह बात तुम्हें भी याद रखनी होगी, क्योंकि मैं अकसर देखती हूं, तुम्हारी कॉपियों में बहुत से खाली पेज रहते हैं फिर भी तुम उन्हें रद्दी में फेंक देते हो। यह बहुत गलत बात है बेटा। फालतू में कागज कभी बर्बाद नहीं करना चाहिए, क्योंकि पुराने कागजों से दोबारा नया कागज बन सकता है। कॉपी-किताबों को हम जितना बचाएंगे, सही तरीके से उपभोग करेंगे तो कुछ पेड़ों को बचाने में अपना योगदान दे सकेंगे। अब समझे मेरा बचे पन्नों पर लिखने का मतलब?' 'हां मम्मी, बिल्कुल समझ गया।' ऋषभ मुस्कराते हुए बोला। 'तो करो प्रॉमिस कि आगे से एक-एक कागज का मोल समझोगे और इन्हें कभी बर्बाद नहीं करोगे।' मम्मी ने प्रॉमिस के लिए आगे हाथ बढ़ाया।

ऋषभ ने भी मजबूती से अपना हाथ वादा निभाने के लिए मम्मी के हाथ में थमा दिया और दोनों जोर से हंस पड़े। *

तुम्हारे लिए नई किताब / अनुराग मनींद्र

हंसाते-गुदगुदाते बाल गीत

बच्चो, तुम्हें ऐसे बालगीत मिल जाएं, जो गुनगुनाने के साथ हंसाएं भी तो तुम्हें जरूर मजा आएगा। ऐसे ही बालगीतों का एक नया संग्रह आया है 'नानी जी की मोरनी।' इसके रचयिता हैं शिवचरण चौहान। इस संग्रह में 26 बालगीत संकलित हैं। संग्रह के सभी बालगीत तुम्हें हंसाएंगे-गुदगुदाएंगे। इनकी राइमिंग इतनी बेहतरीन है कि इन बाल गीतों को पढ़ते हुए तुम इन्हें गाने से खुद को रोक नहीं पाओगे। बच्चो, इस संग्रह में शामिल बाल गीतों में तुमको विषयों की विविधता भी मिलेगी। इस कारण इन्हें पढ़ते हुए रोचकता बनी रहेगी। 'नानी जी की मोरनी', 'चाचा और मामा', 'बागड़ बिल्ला', 'बर्फी या रसगुल्ला' जैसे कई बाल गीत तुम्हें खूब पसंद आएंगे। 'दाऊ और कन्हैया' और 'मूषक और गणेश' पढ़ते हुए तुम्हें 'लिटिल कृष्णा' और 'बाल गणेशा' याद आएंगे। संग्रह में तुम्हारे फेवरेट कॉमिक कैरेक्टर 'चाचा चौधरी' पर भी एक बालगीत मिलेगा, जिसका शीर्षक है, 'मूंछों वाले चाचा।'



बच्चो, इस किताब में ज्यादातर बाल गीतों के साथ मोहक चित्र भी हैं, जो संग्रह की सुंदरता को और बढ़ाते हैं। *

किताब: नानी जी की मोरनी (बाल गीत संग्रह), **लेखक**: शिवचरण चौहान, **मूल्य**: 250 रुपए, **प्रकाशक**: रवीना प्रकाशन, दिल्ली

उम्मीद अभी बाकी है

ठंडी, गर्मी और बारिश तीनों इस बात से दुखी, चिंतित थीं कि असुरक्षित पर्यावरण के कारण तीनों का अस्तित्व खतरे में है। तभी तीनों ने पृथ्वी पर बच्चों को कुछ ऐसा करते देखा कि उनके भीतर नई उम्मीदें जागीं। ठंडी, गर्मी और बारिश ने बच्चों को ऐसा क्या करते देखा

कहानी
उपासना बेहार

ठंडी, गर्मी और बारिश तीनों सखियां मजे से साथ-साथ रहती थीं। इनको चार-चार माह काम पर जाना पड़ता था। तीनों सखी अपने काम को बखूबी निभा रही थीं। जिसका जब समय आता, वह अपने निर्धारित महीने काम पर चली जाती। लेकिन पिछले कुछ सालों से इनके काम पर जाने के समय में गड़बड़ी होने लगी है। गर्मी को ज्यादा समय काम करना पड़ रहा है, जबकि बारिश और ठंड के काम का समय कम हो गया है। कभी-कभी तो यह होता है कि बारिश बेसमय ठंड के और गर्मी के घर जाकर गिर पड़ती है। तीनों इस बदलती हुई परिस्थिति को देख हैरान हैं।

एक दिन ठंड ने गर्मी से कहा, ' सखी, तुम भाग्यशाली हो अब तुम्हारा समय ज्यादा हो गया, लेकिन मेरा और बारिश का समय घट गया है, हमारे समय को भी तुम लेती जा रही हो।' गर्मी गंभीर होकर बोली, 'तुम्हें क्या पता, मैं इस आग उगलते मौसम में कैसे रहती हूं, पूरी झुलस जाती हूं। मैं तो बिल्कुल नहीं चाहती कि ज्यादा समय रहूं, लेकिन इन इंसानों ने अपने स्वार्थ के चलते धरती से बेहिसाब पेड़-पौधे काट डाले हैं। अब भी रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। पेड़-पौधों के बिना तो हम तीनों का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। यही स्थिति रही तो एक दिन यह पृथ्वी भी नहीं रहेगी।' बारिश बहुत देर से इन दोनों की बातें सुन रही थी, उसके आंख में आंसू आ गए, वह बोली, 'आप दोनों सही बोल रही हैं, पृथ्वी विनाश की और बढ़ रही है। इंसान अपनी विलासिता पर ही केवल ध्यान दे रहा है। पहले पेड़-पौधों को काटकर गर्मी बढ़ा ली। अब गर्मी से बचने के लिए एसी लगा कर वातावरण को और गर्म कर रहे हैं। वो यही नहीं रुके हैं, अब तो शक्तिशाली बम बना रहे हैं, इसका उपयोग कर रहे हैं। इससे भी वातावरण प्रदूषित होता है।' गर्मी दुखी होकर बोली, 'अब कोई आस नहीं बची है, जिस दिशा में इंसान जा रहा है, वो समय ज्यादा दूर नहीं है, जब हम धीरे-धीरे खत्म हो जाएंगे और यह दुनिया भी।'

तीनों सहेलियां अपने आपको असहाय महसूस कर रही थीं। तभी ठंड ने कहा, 'देखो सखी, वो है हमारी उम्मीद की किरण।' गर्मी और बारिश ने उस तरफ देखा। धरती पर बहुत सारे बच्चे पेड़ लगा रहे थे। बारिश ने खुश होकर कहा, 'मैं जाकर उनकी मदद करती हूं। थोड़ा पानी दे देती हूं, जिससे पेड़ अपनी जड़ मिट्टी में जमा लेंगे।' यह कहकर वह बरसने चली गई।

गर्मी भी बोली, 'चलो मैं थोड़ा ताप कम कर देती हूं, जिससे बच्चे आराम से पेड़ लगा सकें।' यह बोलते हुए गर्मी भी चली गई।

ठंड कैसे पीछे रहती उसने सोचा, 'मैं भी हल्की-हल्की हवा चला कर उन बच्चों को प्यार करती हूं।' तीनों सहेलियां नए सिरे से उत्साह से भर गईं। *

कविता
नरेंद्र सिंह नीहार

सर्दी की आहट

चुपके-चुपके हौले-हौले,
माह नवंबर खिड़की खोले,
सर्दी के मौसम की आहट,
बाबू जी अम्मा से बोले।
ठंडी हवा पहाड़ों वाली,
मानो बजा रही हो थाली।
स्वेटर मौजे टोपी पहनो,
आई सर्दी कंबल वाली।
सुबह देर से आता सूरज,
सबके मन को भाता सूरज।
जल्दी-जल्दी शाम ढले,
घर को अपने जाता सूरज
थोड़ी गर्मी थोड़ी सर्दी,
नरम धूप की उजली वर्दी।
दिन भी लगते सरस सुहावन,
खान-पान में मौजा कर दी।
सेहतमंद है सरसों-पालक,
गाजर, मूली खाते बालक।
गजक, रेवड़ी, मूंगफली,
भर-भर जेबें लाते बालक।।

हंसगुल्ले

पिंकी : अगर नदी में नीबू का पेड़ लगा है तो तुम नदी में जाकर नीबू कैसे तोड़ोगी?
मिंकी : चिड़िया बनके।
पिंकी : तुम्हें चिड़िया कौन बनाएगा?
मिंकी : वही जिसने नदी में नीबू का पेड़ लगाया है।

-आशीष, रायपुर

राजू : मम्मी, मुझे कुछ ऐसी चीज खाने को दो, जो कभी खत्म ही न हो।
मम्मी : ये ले बेटा, च्युइंगम खा।

-शोभित, रोहतक

जीके क्विज-180

1. हाल ही में साल 2025 का बुकर लिटरेचर प्राइज किस लेखक को प्रदान किया गया?
2. इन दिनों अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला-2025 का आयोजन कहां किया जा रहा है?
3. बिहार के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री का क्या नाम है?
4. यूनेस्को के रचनात्मक शहर नेटवर्क में शामिल होने वाला भारत का 9वां शहर कौन-सा है?
5. भारत में रेलवे नेटवर्क की शुरुआत का श्रेय किस ब्रिटिश गवर्नर जनरल को जाता है?
6. 'हितोपदेश' के लेखक कौन हैं?
7. रतौंधी (नाइट ब्लाइंडनेस) नामक बीमारी किस विटामिन की कमी से होती है?
8. पृथ्वी के सबसे निकट का तारा कौन-सा है?
9. मणिपुर की राजधानी कहां है?
10. भरतनाट्यम किस राज्य का प्रमुख शास्त्रीय नृत्य है?



बच्चो, जीके क्विज-180 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे।

जीके क्विज-179 का उत्तरः 1.शेफाली वर्मा, 2.नरेंद्र मोदी, 3.छत्रपति संभाजीनगर रेलवे स्टेशन, 4. 20 नवंबर, 5. 14 नवंबर, 6.ऊंट, 7.बिहार, 8.शतरंज, 9.कोलंबो, 10.देवेंद्र फडणवीस

जीके क्विज-179 का सही उत्तर देने वालेः दित्या-रायपुर, कबीर-हिसार, मन्नत-कैथल, शरद-रायगढ़, रमेश-बैकुंठपुर, प्रवीण-रायगढ़, अनूप-रायगढ़, आयुष-ईमेल से, कनक-बिलासपुर, अमन-भोपाल, हर्ष-रोहतक, पूनम-बालोद

छोटी कहानी
सिराज अहमद



फूल, तितली और चींटी

एक बगीचे में एक सुंदर फूल खिला हुआ था। सुबह की धूप में जब तितली वहां आकर बैठी तो फूल मुस्कुरा उठा। लेकिन उसी फूल पर पहले से एक चींटी आराम से लेटी हुई थी। तितली के बैठते ही फूल हल्का-हल्का हिलने लगा, जिससे चींटी की नींद टूट गई। उसे यह अच्छा नहीं लगा। वह गुस्से से बोली, 'तुम किसी और फूल पर जाकर बैठो, यह मेरी जगह है!'

तितली ने जवाब दिया, 'फूल सबके लिए है, तुम्हारे अकेले का नहीं।' इस बात को लेकर दोनों में थोड़ी कहा-सुनी हो गई।

यह देखकर फूल ने धीरे से बोला, 'जब मुझे तुम दोनों के साथ बैठने पर कोई आपत्ति नहीं, तो तुम्हें क्यों है?'

फूल की बात सुनकर चींटी को अपनी गलती का एहसास हुआ। उसने तितली से माफी मांगी। अब दोनों फूल पर साथ बैठ गईं। हवा चली तो फूल झूले-सा झूलने लगा। और दोनों मुस्कुराते हुए उसमें झूलने लगीं। *

अंतर बताओ

बच्चो, पर्यावरण स्वच्छ रहे, इसके लिए सबसे पहले हम अपने घर को साफ-सुथरा रखें। यहां अपने घर की सफाई कर रही लड़की के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन चित्रों में आठ अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये आठों अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सभी आठ अंतर खोजो।

उत्तरः 1. लड़की ने बालों में पोनी टेल की बजाय बन बनाया हुआ है। 2.लड़की के हेयर-बैंड में फूल बने हुए हैं। 3.उसकी टी-शर्ट पर बनी हार्ट की डिजाइन गायब है। 4.लड़की ने जो रंग पहना है, उसमें पॉकेट बना हुआ है। 5.उसके ट्राउजर का कलर डिफरेंट है। 6.वैक्यूम क्लीनर पर अलग डिजाइन बनी हुई है। 7.वैक्यूम क्लीनर पर इंडिकेटर/पॉवर बटन दिख रहा है। 8.फ्लोर ब्रश के ऊपर एक बटन लगा हुआ है।

रास्ता खोजो

बच्चो, दिए गए चित्र में कुछ लिटिल एनिमल्स अपनी मां से बिछड़ गए हैं। इनकी मां तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम इन्हें इनकी मां तक पहुंचने का रास्ता बताकर इनकी मदद तो करो जरा।